आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत
डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 187-● जबलपुर ● रविवार, 7 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



महापौर की शपथ लेते अन्नू सिंह




मंच पर मौजूद धर्माचार्यों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ और महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक तरूण भानोत, लखन घनघोरिया , संजय यादव व विनय सक्सेना

# शपथ लेते ही महापौर अन्नू सिंह का पहला उद्घोष : जय नर्मदा मैया, जय जबलपुर

**जबलपुर, यशभारत। जगत बहादुर सिंह अन्नू ने 21 वें महापौर के रूप में आज रविवार को शपथ लेते हुए पहले उद्घोष में नर्मदा मैया को प्रणाम कर जय जबलपुर के नारे लगाए।**

## सबको मिलकर एक खूबसूरत शहर का निर्माण करना है

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, पूर्व वित्त मंत्री, विधायक तरूण भनोत, विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, संजय यादव, अधिवक्ता वरूण तन्खा, पूर्व महाअधिवक्ता शशांक शेखर, सहित कांग्रेस वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह में महापौर अन्नू सिंह ने सबसे पहले संतों का आशीर्वाद लिया। अन्नू सिंह ने कहा कि हम सबको मिलकर एक खूबसूरत शहर का निर्माण करना है। महापौर ने मंच से कहा कि आज दुखी हूं क्योंकि मैं चाहता था कि भाजपा नेता और पार्षद एक साथ मेरे साथ शपथ लेते तो अच्छा होता। फिर भी कोई बात नहीं आगे सबको साथ लेकर काम करूंगा। मंच पर विराजमान स्वामी सुबुद्धानंद महाराज, जगतगुरू राघव देवाचार्य मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी ,स्वामी कालिकानंद , स्वामी गिरीशानंद महाराज, स्वामी नरसिंहदास महाराज,स्वामी रामदास जी महाराजपूज्य साधवी स्वामी विभानंद , स्वामी मुकुंददास , स्वामी चैतन्यानंद , स्वामी राजारामानंदचार्य ,अशोकानंद ,मुख्यग्रंथी श्री गुरूसिंह सभा, गोरखपुर सरदार हरजीत सिंह, विशप जेराल्ड अल्मेड़ा ने महापोर और पार्षदों को आशीर्वाद दिया।

## योगी के कैबिनेट मंत्री डॉ. निषाद को गिरफ्तार करने का आदेश

**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तरप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। सीजेएम जगन्नाथ ने मत्स्य पालन मंत्री को 10 अगस्त तक गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी शाहपुर पुलिस को दी गई है। मामला सात जून 2015 का है। सरकारी नौकरी में निषादों को पांच फीसदी आरक्षण देने की मांग को लेकर सहजनवां क्षेत्र के कसरवल में आंदोलन चल रहा था। आंदोलनकारी रेलवे ट्रैक पर बैठे थे। इसी बीच विवाद बढ़ा और लाठीचार्ज हो गया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। आरोप लगा कि पुलिस की गोली से मौत हुई थी। इससे आंदोलन उग्र हो गया। आंदोलनकारी पुलिस से भिड़ गए और उसकी कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया।इस घटना में 24 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। मामले में तत्कालीन सहजनवां थानाध्यक्ष श्यामलाल ने निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद सहित कई लोगों के खिलाफ बलवा आगजनी, तोड़फोड़ और सेवन सीएलए की धारा में केस दर्ज कराया था। तहरीर में लिखा था कि भीड़ को भड़काकर बवाल कराया था। मामले में नामजद डॉ. संजय ने 21 दिसंबर 2015 को कोर्ट में सरेंडर किया और जेल भेजे गए थे। 14 जनवरी 2016 को जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए। यह मामला सीजेएम कोर्ट में विचाराधीन है। अब सीजेएम ने गैर जमानती वारंट जारी करके डॉ. संजय निषाद को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है।



## 15 अगस्त से पहले दिल्ली में ISIS मॉड्यूल का खुलासा

### बाटला हाउस से संदिग्ध आतंकी को दबोचा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। 15 अगस्त से पहले एजेंसी ने दिल्ली से आईएसआईएस के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आतंकी का नाम मोहसिन अहमद है। उसे आईएसआईएस मॉड्यूल की गतिविधियों को लेकर की गई तलाशी के बाद गिरफ्तारी किया गया है। एनआईए ने रविवार को आरोपी मोहसिन अहमद पुत्र मोहम्मद शकील अहमद के आवासीय परिसर की तलाशी ली। वह वर्तमान में एफ- 18/27, जापानी गली, जोगाबाई एक्सटेंशन, बाटला हाउस में रह रहा था। एनआईए ने 25 जून को आईपीसी की धारा 153ए, और 153बी और यूए(पी) अधिनियम की धारा 18, 18बी, 38, 39 और 40 के तहत मामला दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपी प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस का कट्टरवादी और सक्रिय सदस्य है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## काला जादू के नाम पर बेटी को पीट-पीटकर मार डाला

### यूट्यूब चैनल के लिए वीडियो भी बनाया

मुंबई,एजेंसी। महाराष्ट्र के नागपुर में पांच साल की एक बच्ची को उसके माता-पिता ने काला जादू के नाम पर उसे पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात की है। पुलिस ने बच्ची के पिता सिद्धार्थ चिमने, मां रंजना और चाची प्रिया बंसोड़ को गिरफ्तार कर लिया है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुभाष नगर निवासी चिमने यूट्यूब पर एक स्थानीय समाचार चैनल चलाता है। वह पिछले महीने गुरु पूर्णिमा पर अपनी पत्नी, पांच और 16 साल की दो बेटियों के साथ तकलघाट इलाके में दरगाह गया था। तब से व्यक्ति को अपनी छोटी बेटी के व्यवहार में कुछ बदलाव महसूस हो रहा था। अधिकारी ने बताया कि पिता का मानना था कि बच्ची पर कुछ बुरी शक्तियों का साया है ।

## ISRO के SSLV रॉकेट की सफल लॉन्चिंग , लेकिन उपग्रहों से संपर्क टूटा


**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को अपने पहले स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल SSLV-Dv को आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च कर दिया है। इस व्हीकल में दो उपग्रह भेजे गए हैं। लॉन्चिंग सफल रही और रॉकेट ने सही तरीके से काम करते हुए दोनों सैटेलाइट्स को उनकी निर्धारित कक्षा में पहुंचा दिया। हालांकि उसके बाद सैटेलाइट्स से डेटा मिलना बंद हो गया है। इस पर इसरो का बयान भी सामने आया है।दरअसल, इसरो ने रविवार सुबह सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से अपने पहले लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान SSLV-Dv को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और छात्र-निर्मित एक उपग्रह AzadiSAT के साथ लॉन्च किया। रॉकेट ने सही तरीके से काम करते हुए दोनों सैटेलाइट्स को उनकी निर्धारित कक्षा में पहुंचा दिया। लेकिन उसके बाद सैटेलाइट्स से डेटा मिलना बंद हो गया।



इस पूरे मामले पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि इसरो मिशन कंट्रोल सेंटर लगातार डेटा लिंक हासिल करने का प्रयास कर रहा है। हम जैसे ही लिंक स्थापित कर लेंगे, देश को सूचित करेंगे। एसएसएलवी के जरिए इसरो ने जिन दो सैटेलाइट्स को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया उनमें श्वह्रस्02 एक अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट हैं। जो 10 महीने के लिए अंतरिक्ष में काम करेगा। इसका वजन 142 किलोग्राम है। इसमें मिड और लॉन्ग वेवलेंथ इंफ्रारेड कैमरा लगा है। जिसका रेजोल्यूशन 6 मीटर है। यानी ये रात में भी निगरानी कर सकता है। जबकि दूसरा AzaadiSAT सैटेलाइट्स है। यह स्पेसकिड्ज इंडिया नाम की देसी निजी स्पेस एजेंसी का स्टूडेंट सैटेलाइट है। इसे देश की 750 लड़कियों ने मिलकर बनाया है। स्पेस किड्स इंडिया के विद्यार्थियों की टीम ने धरती पर प्रणाली तैयार की जो उपग्रह से डाटा रिसीव करेगी। यह सैटेलाइट नई तकनीक से लैस है जो कि फॉरेस्ट्री, एग्रीकल्चर, जियोलॉजी और हाइड्रोलॉजी जैसे क्षेत्रों में काम करेगा।

## स्वास्थ्य संबंधी कारणों से विवेक तन्खा महापौर के शपथ ग्रहण समारोह में नहीं हुए शामिल

**जबलपुर, यशभारत।** आज को आयोजित महापौर शपथ ग्रहण समारोह में राज्य सभा सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक तन्खा स्वास्थ्य संबंधी कारणों से शामिल नहीं हो सके। उन्होंने मैसेज जारी करते हुए कहा कि संस्कारधानी के मेरे दोस्त मेरे भाई - बहन..जिस पल का आप सभी को और मुझे इंतज़ार था यानी जगत बहादुर सिंह अन्नू के महापौर और निगम में जीतकर पहुंचे सभी 79 पार्षदों के शपथ ग्रहण का , पर इस ऐतिहासिक दिन पर मैं स्वास्थ्य संबंधी कारणों से नहीं पहुंच पाया क्योंकि मेरी एक छोटी सी सर्जरी हुई है जिसके बाद मुझे कुछ दिन आराम करने की सलाह डॉक्टरों ने दी है। में अपने शहर के लोगों से खेद व्यक्त करता हूं..आशा करता हूं आप समझ सकेंगे .. एक बार दिल से आप सभी नवनिर्वाचित 79 पार्षदों और शहर के नए मेयर जगत बहादुर अन्नू को बधाई.. आशा करता हूं जनता ने जिस विकास के सपने को साकार करने आप को चुना है आप उन की कसौटी पर खरा उतरेंगे...।



## 3 साल की बच्ची को चूहे से कटवाया नाक-पैर का मांस खा गया

**सीवान में मासूम को 15000 में खरीदकर लाई थी**

**सीवान,एजेंसी।** सीवान में एक महिला को बच्चे नहीं हो रहे थे। उसने एक डॉक्टर के कहने पर 3 साल की बच्ची को 15000 रुपए में खरीदा। इसके बाद महिला उस बच्ची को चूहे से कटवा रही थी। उसे स ?क पर बोरी बिछाकर सुलाती। जानवरों की तरह उसे एक कटोरे में स ?क पर ही बासी खाना देती। मारपीट करती। चूहे ने बच्ची के नाक और पैर का मांस तक नोंच लिया। पड़ोसियों को जब पता लगा तो उन्होंने पुलिस बुलाई। बच्ची को चूहे से कटवाते महिला का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में वो महिला चूहा लेकर उसके पीछे भाग रही है। और वो चिल्ला रही है। मानव तस्करी से जुड़ा ये मामला एमएच नगर थाना क्षेत्र के हसनपुरा के उसरी गांव का है।बच्ची को खरीदने वाली महिला का नाम सरस्वती देवी है। घटना की जानकारी लोगों को तब हुई जब मासूम बच्ची को खरीदने वाली महिला के द्वारा मारपीट की जा रही थी। जिसको देख पड़ोसियों ने विरोध किया और पुलिस को इसकी सूचना दी।वहीं सरस्वती की पड़ोसी सुशीला देवी ने बताया की खरीदने वाली महिला बराबर बच्ची को मारती पिटती है।

## रूसी हमले में तहस नहस हुआ यूरोप का सबसे बड़ा न्यूक्लियर प्लांट

कीव, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख का कहना है कि ज़ापोरिज्जिया स्थित यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र रूसी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया है। आईएईए के महानिदेशक ने शुक्रवार को परिसर में हुई गोलाबारी के बाद इसकी स्थिति के बारे में चेतावनी जारी की है। राफेल मारियानो ग्रॉसी ने एक बयान में कहा, मैं यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में कल की गई गोलाबारी से बेहद चिंतित हूं। यह एक परमाणु आपदा के वास्तविक जोखिम को रेखांकित करता है। यह यूक्रेन और उसके बाहर सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण को खतरे में डाल सकता है।ग्रॉसी ने कहा कि यूक्रेन ने रिएक्टरों को कोई नुकसान नहीं होने और कोई रेडियोलॉजिकल रिलीज नहीं होने की सूचना दी थी, लेकिन यह सैन्य कार्रवाई अस्वीकार्य है।

## सागर में 6,000 मीटर नीचे जाकर रहस्य को तलाशेंगे वैज्ञानिक, 2026 तक होगा पूरा

**नई दिल्ली,एजेंसी,** ।गहरे सागर में छिपे असंख्य रहस्यों को तलाशने के लिए 2026 में हमारे वैज्ञानिक 6,000 मीटर गहरे सागर में उतरेंगे। 2021 में शुरू हुआ देश का पहला समुद्रयान मिशन 4,077 करोड़ रुपये की लागत से 2026 की पहली तिमाही तक बनकर तैयार हो जाएगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत विकसित होने वाले इस मिशन के लिए सरकार ने 2021 से 2024 तक पहले चरण के लिए 2,823 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।



### असम में जापानी बुखार से 37 दिनों में 63 की मौत

गुवाहाटी,एजेंसी। बारिश और बाढ़ के बाद असम में जापानी इंसेफेलाइटिस बुखार ने आतंक मचा रखा है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अनुसार राज्य के 35 जिलों में से 22 जिले इसकी चपेट में हैं। अब तक इस बुखार से पिछले 37 दिनों में करीब 63 लोगों की मौत हो गई, जबकि 347 संक्रमित हैं। शनिवार को ही नागांव जिले से तीन मौतें हुईं।

## अबॉर्शन पर सुको का बड़ा कमेंट

## अविवाहित महिलाओं को अबॉर्शन का अधिकार न देना उनकी आजादी छीनने जैसा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अविवाहित महिलाओं को गर्भपात के अधिकार से वंचित रखना उनकी व्यक्तिगत आजादी का हनन है। कोर्ट इस कानून में बदलाव कर अनमैरिड महिलाओं को भी अबॉर्शन की अनुमति देने पर विचार करेगा। कोर्ट मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम और संबंधित नियमों की व्याख्या करेगा। इसमें तय होगा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह के गर्भपात की अनुमति दी जा सकती है या नहीं।जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को इस प्रक्रिया में अदालत की सहायता करने को कहा है।

### अबॉर्शन के लिए डॉक्टरों की सलाह जरूरी

मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए कानून में शामिल क्यों नहीं किया जा सकता है। उन्होंने साफ किया कि अबॉर्शन के लिए डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। पीठ ने कहा कि चविधायिका का क्या इरादा है? यह सिर्फ च्पतिज् शब्द का उपयोग नहीं करता है। कानून में पार्टनर शब्द का इस्तेमाल किया गया है। कानून सिर्फ शादी के बाद प्रेग्नेंट होने वाली महिलाओं के बारे में ही चिंतित नहीं है, कानून अनमैरिड महिलाओं की भी चिंता करता है। अगर विवाहित महिलाओं को गर्भपात की अनुमति है तो अविवाहित महिलाओं को इससे बाहर नहीं रखा जा सकता। कानून की नजर में हर महिला का जीवन मायने रखता है।



### दिल्ली हाईकोर्ट ने कर दिया था इनकार

मामला दिल्ली हाईकोर्ट में था, जहां 15 जुलाई को कोर्ट ने अबॉर्शन पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सहमति से गर्भवती होने वाली अविवाहित महिला मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (रूझक्क) रूल्स, 2003 के तहत अबॉर्शन नहीं करवा सकती। सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट की बेंच ने मौखिक टिप्पणी में कहा था कि इस स्तर पर अबॉर्शन बच्चे की हत्या के समान होगा। वहीं दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अगुआई वाली बेंच ने बच्चे को गोद लेने के लिए उसे जन्म देने का सुझाव दिया था।

## पत्नी का 35लाख का बीमा कराया, फिर हत्या करा दी

**राजगढ़ में कर्जदार पति को बीमा राशि हड़पना था; 5 लाख में दे दी सुपारी**

**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ में कर्ज के जाल से बाहर निकलने के लिए पति ने खतरनाक साजिश रची। उसने पहले पत्नी का बीमा करवाया, फिर 5 लाख की सुपारी देकर बदमाशों से उसकी हत्या करा दी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी के मंसूबों पर पानी फेर दिया। मामला राजगढ़ के कुरावर थाना इलाके के माना जोड़ का है। 26 जून को पूजा मीणा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। साजिश रचने वाला आरोपी उसका पति बद्रीप्रसाद मीणा है। उसने न केवल शातिराना अंदाज में पूजा की हत्या करवाई, बल्कि मौसेरे भाई को इस मामले में फंसाने की भी कोशिश की। राजगढ़ एडिशनल एसपीमनकामना प्रसाद ने बताया कि बद्रीप्रसाद पर 40 से 50 लाख रुपए का कर्ज था। उसने यह कर्ज उतारने के लिए पत्नी का 35 लाख रुपए का बीमा कराया। बद्री इस बीमा राशि से कर्ज चुकाना चाहता था। उसने बीमा की राशि को हड़पने के लिए पत्नी की हत्या की साजिश रची। गोलू मीणा, शाकिर शाह और हुनरपाल सिंह को 5 लाख रुपए में पत्नी की सुपारी दे दी। तीनों ने गोली मारकर पूजा की हत्या कर दी।

## स्टेमफील्ड इंटरनेशनल विजय नगर के शिक्षकों एवं छात्रों ने निकाली रैली

# हर घर तिरंगा लहराने के दृढ़ संकल्प एवं आह्वान



**जबलपुर,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर शाखा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के संचालक पर्व जायसवालद्वारा शाला में ध्वजारोहण के साथ की गई। इसके उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा लहराने के दृढ़ संकल्प को लेकर शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा रैली निकाली गई जो एकता नगर चौक से शुरू हुई. इस दौरान शिक्षकों एवं छात्रों ने हर घर तिरंगा लहराने का आह्वान किया एवं देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए। रैली में छात्रों में अत्यंत ही उत्साह देखा गया । इसी श्रृंखला में विद्यालय में माय एफएम के द्वारा हर घर तिरंगा लहराने के संकल्प के साथ एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माय एफएम से आये प्रतिनिधि आरजे अश्विन ने छात्रों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में हर घर तिरंगा लहराने के संदेश को पहुंचाने के लिए कहा। कार्यक्रम के अंत में संचालक पर्व जायसवाल ने कहा कि हमारा तिरंगा हम सभी भारतीयों की शान है और जब हम आजादी के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, तो हर घर तिरंगा लहराने से बेहतर और कोई माध्यम नहीं हो सकता है. इस उत्सव को मनाने का और विश्व पटल पर अपनी श्रेष्ठता को साबित करने का। इसी अवसर पर संस्था की डायरेक्टर श्रीमती सुप्रिया जायसवाल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती मनमीत कोहली ने भी सभी से हर घर तिरंगा लहराने के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### तिरंगा पैदल यात्रा के 9 को

9 अगस्त को निकाली जाने वाली तिरंगा पैदल यात्रा के संदर्भ में एक बैठक रखी गई इस बैठक पर सम्मिलित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भूपेंद्र पटेल ग्रामीण अध्यक्ष राधेश्याम चौबे महिला अध्यक्ष संगीता सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी नीति श्रीमती प्रभा यादव , आनंद जायसवाल बाबू भाई ताहिर भाई युसूफ शेख रघुवीर कुशवाहा जी राजेश कुशवाहा जी शैलेंद्र यादव जी चंदू यादव जी आदि इस बैठक में उपस्थित रहे साथ ही साथ कांग्रेस के पदाधिकारी गण कार्यकर्ता गण विकास पटेल जी रमन मिश्रा राजीव सैनी ,सोहन लाल पटेल लालचंद यादव आर सिंह भगवत प्रसाद पटेल ओंकार प्रसाद नायडू मुकेश पुरी प्रकाश सिंह प्रधान जी बृजेश विश्वकर्मा जी धीरज सिंह आर्य जी अरुण कुमार शुक्ला जी राजेश खत्री जी सफीक भाई मास्टर शुभम रैकवार करुण कोरी ताहिर सेठ अशोक महेंद्र सिंह संतु गोटिया ी संत कुमार पोल ी मीना कोष्टा आरती ममता सेन पूजा सोनी विनीता साहू ज्योति कोस्टा उषा पटेल आरती विश्वकर्मा रेखा राठौड़ शालिनी ठाकुर आलम अंसारी बाबू भाई रीना सिंह सुधा भानुमति सिंह सीमा विश्वकर्मा उर्मिला

## शीतल पुरी चेरीताल बलदेव बाग की गलियों में गूंजा भारत माता की जय

आजादी के अमृत महोत्सव की आवाज घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य और लोगों में जनचेतना जागृत करने हेतु कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम की टीम सुबह से लेकर देर रात तक स्कूलों सामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों से मिलकर शहर के हर घरों हर दुकानों में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने कि अपील कर रहे हैं इसी तारतम्य श्री संत सुधा सागर स्कूल शीतल पुरी चेरीताल के नन्हे बच्चों हाथ में तिरंगा लेकर हर घर-घर जाकर तिरंगा फहराने का आग्रह कर रहा है इस अवसर पर अखिलेश जैन सी ए, श्री कैलाश चंद जैन, पार्षद प्रतिभा भापकर ,सतीश जैन वर्धमान, सुजीत भाऊ , अनिल गुड्डा, अनुज मासाब, सुभाष जतारा, अनीश जैन, प्राचार्य खुशबू जैन के नेतृत्व में सैकड़ों बच्चों और युवाओं के साथ कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



## हर घर तिरंगा अभियान का तिरंगा यात्रा के साथ शुभारंभ

श्रीजानकीरमण महाविद्यालय से रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा विभागएजबलपुर संभाग के संयुक्त तत्वावधान में केंद्र व राज्य शासन के निर्देशानुसार ष् हर घर तिरंगाष् अभियान के अन्तर्गत तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व राण्दुण्विण्विण् कुलपति प्रोण् कपिल देव मिश्रए लीला भलावी , अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, शरद पालन ,डॉ ए सी तिवारी प्राचार्य शासण् महाकोशल महाविद्यालय, डॉ पवन तिवारी विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी एवं डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी प्राचार्य श्रीजानकीरमण महाविद्यालयए डॉ,आनंद सिंह राणा जिला संगठकए रासेयो, डॉ शक्ति सिंह मण्डलोई तथा डॉ देवांशु गौतम ने किया । तिरंगा यात्रा श्रीजानकीरमण महाविद्यालय से बल्देबवाग एवं रानीताल होते हुए श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में समाप्त हुई तदोपरांत उपस्थित अतिथियों ने हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया तथा तत्संबंधी निर्देशों पर प्रकाश डाला । तिरंगा यात्रा में प्रो् आशुतोष दुबे, डॉ. नरेन्द्र शुक्ला, डॉ अतुल दुबे, डॉ संजय तिवारी, डॉ अरुणा डॉ ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ नुपुर निखिल देशकर, डॉण् अर्चना देवलियाए डा कौशल दुबे डॉ ध्रुव दीक्षित, डॉ माला प्यासी, डॉ एस डी लखेरा, डॉ शिव कुमार व्यास, डॉ सुनील देशपाण्डेय, डॉ आशीष मिश्रा, डॉ अजय शुक्ला, डॉ राहुल झारिया, डॉ सपना चावला, डा रचना सांचा, शिवचंद वलके, अभिमन्यु जैन, यू एस दुबे, सुरेश मिश्र विचित्र, डॉ गंगाधर त्रिपाठी, राज सागरी, डॉ अरुणा पाण्डेय,उदयभानु तिवारी, निरंजन द्विवेदी,अक्षत तिवारी, पं अखिलेश चंद्र त्रिपाठ, श्रीमती अनामिका सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, हेमन्त सोधिया दविन्दर सिंह ग्रोवर, विनय शर्माए तनिष्क त्रिपाठीए श्री मनोज चौरसिया ,चंद्रकुमार चौबे प्रशांत पाठक, अजय मिश्रा ,सुश्री मीनाक्षी, तरूण मिश्रा, डैनियल पटेल,गोपाल रैकवार, भूपेन्द्र अहिरवार आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## मुहर्रम पर शानदार सजावट की जगमगाहट मदन महल दरगाह में सवारियों की सलामी

जबलपुर यशभारत। संस्कारधानी में शहादत के पर्व मुहर्रम पर सजावट करने की परंपरा पुरानी है। हज़रत इमाम आली मुकाम के उर्स पर हर साल शानदार सजावट की जाती हैं। इस वर्ष मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे मुहर्रम पर की जाने वाली ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले फुहारा से शुरू हुई सजावट की श्रृंखला कमानिया, कोतवाली, मिलौनीगंज, मछली मार्केट, नालबंद मुहल्ला, यक़ीनिया चौक, मंसूराबाद, गोहलपुर, चारखंबा, आनंद नगर, अजीजगंज, नफ़ीसगंज, ठक्कर ग्राम, मदार टेकरी, मोतिनाला, चांदनी चौक,भानतलैया, खटीक मुहल्ला, गलगला, गुरंदी, फूटाताल, अनवरगंज, अंधेरदेव, ओमती, नया मुहल्ला, घंटाघर, बुरहान नगर, तैयब अली चौक, नौदरा ब्रिज तक विस्तारित हैं। छावनी क्षेत्र सदर, रामपुर, गोरखपुर तथा उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा की मुस्लिम बस्तियों मे मुहर्रम पर शानदार सजावट की गई है। मुहर्रम की नौ तारीख सोमवार की रात मे मुहर्रम की सजावट का नजारा देखने जनसैलाब उमड़ेगा।

दरगाह मे सलामी- देर रात इन पंक्तियों के लिखे जाने तक नगर के विभिन्न अचलो के इमामबाड़ो से मुहर्रम की सवारियों का सफर शुरू हो गया है।

### शियाओं का मातमी जुलूस निकला

मुहर्रम की सात तारीख को अपरान्ह घंटाघर सदर आला कोठी स्थित इमामबाड़े मे आयोजित मजलिस मे मौलाना साहब ने जाकरी बयान की। मौलाना साहब ने अपनी तक़रीर मे हज़रत इमाम आली मुकाम की बेमिसाल कुर्बानी पर रोशनी डालते हुए मुस्लिमों का आवाहन किया कि वे इमाम की कुर्बानी का मकसद समझे और उनके बताये रास्ते पर चले। हज़रत इमाम हुसैन ने जुल्म के खिलाफ शहादत देकर इंसानियत की हिफ़ाजत की।

## कामन वेल्थ के स्वर्णवीर हवलदार अचिंता शिऊली कल आ रहे

### सेना के वन एस टी सी में पदस्थ हैं सोमवार को होगा स्वागत



जबलपुर यशभारत। सेना के वन एस टी सी में पदस्थ हवलदार अचिंता शिऊली ने चल रहे कामन वेल्थ गेम में वेट लिफ्टिंग में73किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर नगर और सेना के साथ ही देश का गौरव बढ़ाया है।उनकी इस सफलता पर नगर के खेल प्रेमियों और सेना की यूनिटों में हर्ष व्याप्त है।हवलदार अचिंता शिऊली सोमवार को वायुयान से नगर आगमन हो रहा है।इस मौके सेना की विभिन्न यूनिटों द्वारा डुमना विमान तल पर जोरदार आगवानी और स्वागत किया जाएगा।जिसकी जोरदार तैयारी की जा रही।एम बी एरिया के जनरल कमांडिंग आफीसर लेफ्टिनेंट जनरल एम के दास परम विशिष्ट सेवा मेडल ,सेवा मेडल ,विशिष्ट सेवा मेडल और वन सिग्नल रेजिमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर वन एस टी सी में सैन्य अधिकारियों और स्कूली बच्चों की उपस्थिति में सम्मान करेंगे।

## अब कम्पीटेंसी टेस्ट ही होगा पदोन्नति का आधार

**आयुध निर्माणियों में इलेक्ट्रीकल कम्पीटेंन्सी टेस्ट ट्रेड टेस्ट में बदला**

जबलपुर यशभारत। आयुध निर्माणियों में बिजली विभाग के कर्मचारियों को पदोन्नति के लिए होने वाली परीक्षाओं में से अब एक ही परीक्षा कम्पीटेंसी टेस्ट देना होगा।इसमें सफल उम्मीदवारों को उनके द्वारा किए जा रहे ट्रेड के अनुसार पदोन्नति मिलेगी।इसके लिए भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के जेसीएम3 सदस्य राम प्रवेश सिंह द्वारा जेसीएम 3 मीटिंग में यह मुद्दा उठाया गया था कि सभी कर्मचारियों का पदोन्नति पॉलिसी समान होना चाहिए। जबकी इलेक्ट्रिकल कर्मचारियों के पदोन्नति के लिए कम्पीटन्सी टेस्ट के बाद लाइनमैन केबल ज्वाइंटर इलेक्ट्रिक फिटर आदि पदों पर पदोन्नति के लिए अतिरिक्त परीक्षा देना होती थी।पूर्व में इलेक्ट्रीकल कम्पीटेंन्सी टेस्ट में आयुध बोर्ड द्वारा एक ऑफिसर नियुक्त होता था और उसके दिशा निर्देशानुसार इलेक्ट्रिकल कर्मचारियों का लिखित परीक्षा प्रैक्टीकल एवं मौखिक परीक्षा देना होता था। इस विसंगति को जेसीएम-3में उठाया गया।अब इलेक्ट्रिकल कर्मचारियों को पदोन्नति के लिए सभी कर्मचारियों के समान केवल कंपीटेंसी टेस्ट ही देना होगा।जेसीएम सदस्य राम प्रवेश सिंह के इस मुद्दे को आयुध निदेशालय द्वारा स्टॅडी किया गया और इलेक्ट्रीकल कम्पीटेंन्सी टेस्ट को ट्रेड टेस्ट में परिवर्तित कर दिया गया। फेडरेशन के इस सफल प्रयास पर जीसीएफ श्रमिक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल महामंत्री राकेश रजक मनोज धर्मजन एलिक डिसूजा गौरी शंकर संजय सक्सेना अजय कुंवर राजेन्द्र वर्मा संदीप जगदीश गुप्ता राजेश विकास राकेश राय अभिषेक साहु रूपेश अतुल तपेन्द्र दुवे कमल जे0पी0 साहु आदि ने हर्ष व्यक्त किया ।

## नई आबकारी नीति के तहत होम बार का निर्णय विसंगति पूर्ण

### सिवनी की पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटैरिया का ट्वीट



जबलपुर ,यशभारत। म.प्र. की नई आबकारी नीति के तहत अब मध्यप्रदेश में घरों में शराब के लिए होम बार खोले जाने को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि नई आबकारी नीति विसंगतिपूर्ण है। इससे पारिवारिक संस्कृति प्रभावित होगी। इसके लिए आबकारी विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार माना जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में सिवनी की पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटैरिया का ट्वीट सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा कि भारतीय परिवारों की अपनी संस्कृति है,परंपराएं हैं, मर्यादाएं हैं। लोग छोटे बड़ों का लिहाज करते हुए ही कोई काम करते हैं। पर अब म.प्र. की नई आबकारी नीति के मुताबिक होमबार खोले जा रहे हैं जो सर्वथा गलत फैसला है। अब होमवार खुलने से ये मर्यादाएं तार-तार होंगी। नई आबकारी नीति में बदलाव जरूरी है। भारतीय परिवारों में खुले आम घरों में शराब नहीं पी जाती। अब होमवार खुलने पर यदि घर में शराब पी जाएगी तो सदस्यों पर इसका असर पड़ेगा। माताएं, बहिनों के साथ छोटे बच्चे भी मदिरा पान करते देखेंगे तो उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। यह आबकारी विभाग की शीर्षस्थ अधिकारी लगता है नहीं जानते ,तभी तो उन्होंने नई आबकारी नीति विसंगतिपूर्ण बनाई है। पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटैरिया ने ट्वीट में एक कविता का भी प्रयोग किया

**करोड़पति होने की शर्त हटाओ इस बार ।**
**ताकि घर घर में खुल सके होमबार ।।**
**हर घर पत्नी, बच्चो पर हो वार ।।**
**सिसकें, टूटें, बिखरें परिवार ।।**
**आबकारी विभाग तेरी जय जयकार ।।**

**उन्होंने कहा कि आबकारी आयुक्त का यह बयान गले नहीं उतर रहा ,जिसमें उन्होंने कहा कि हमने पार्क तैयार कर दिया है, आना -जाना लोगों की इच्छा।** हमने पार्क तैयार कर दिया है, सड़क भी बना दी। यह लोगों की इच्छा पर निर्भर है कि वे आए या नहीं। उल्लेखनीय है कि आबकारी नीति के तहत प्रदेश में होमबार लेने का खाता खुल गया। पहला लाइसेंस इंदौर के विनय केडिया ने लिया है। होमबार का मंहगा सौदा होने के कारण अबतक बाकी 51 जिलों में एक भी लाइसेंस नहीं लिया गया है। राज्य सरकार की नई आबकारी नीति में होमबार के लिए 50 हजार रु. वार्षिक लाइसेंस फीस लगेगी। लाइसेंस के लिए वही पात्र होंगे जिनके आयकर विवरण अनुसार एक करोड़ तक वार्षिक आय वाले अनुमानित दो हजार लोग है। लेकिन होमबार के लिए कई कारणों से लोग आगे नहीं आ रहे हैं। जैसे कि एक्साइज अफसरों को कभी भी इसे जांच करने का विकल्प खुला रहेगा। पिछले वर्ष सकल व्यक्तिगत आय कम से कम एक करोड़ रुपए रही हो। वर्ष 2022-23 के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया एक अप्रैल से प्रारंभ हो गई थी, 3 माह तक प्रदेश में एक भी लाइसेंस नहीं लिया गया।लाइसेंस पर होमबार में एक बार में अधिकतम 48 बॉटल शराब, 48 बॉटल बीयर, 48 बॉटल वाइन। एक ही ब्रांड की चार बॉटल शराब, 12 बॉटल बीयर और 12 बॉटल वाइन रख सकते हैं।

## दृष्टिहीनों के लिए ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल के बच्चों ने बनाया सेंसर चश्मा



**जबलपुर ,यशभारत ।** दृष्टिहीनों को चलने-फिरने में आने वाली बाधा को दूर करने के लिए ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल के तीन बच्चों ने ऐसा उपकरण बनाया है जो तीन फीट की दूरी हो जाए। से दृष्टिहीनों को सतर्क कर देगा। उपकरण का अलार्म बज उठेगा। इस उपकरण को दृष्टि नाम दिया है। ये उपयोगी उपकरण संस्था की मिहिका कपूर 9वीं, आदीश जैन 11 वीं और कक्षा सातवीं की आराध्या जायसवाल ने मिलकर बनाया है। बच्चों ने संस्थान के अनिकेत गौतम के मार्गदर्शन में यह उपकरण तैयार किया है। आदीश जैन ने बताया कि दृष्टिहीनों के लिए जगह-जगह अवरोध बड़ी समस्या है। उन्हें चलने में परेशानी होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए ही दृष्टि नाम का उपकरण बनाया है। इसे चश्मे में हाईटेक अल्ट्रासाउंड सेंसर और माइक्रोकंट्रोलर की मदद से उपयोगी बनाया गया है। उपकरण में प्रोग्रामिंग ऐसी है कि सामने आने वाले हर चलायमान या निर्जीव बाधा सामने आने पर चश्में में लगा उपकरण से आवाज निकलना शुरू हो जाती है ताकि दृष्टिहीन व्यक्ति सतर्क बच्चों ने बताया कि इस उपकरण कौ अभी बनाने में करीब 1600 रुपये की लागत आई है बड़े स्तर पर निर्माण पर यह लागत कम होगी। फिलहाल जब बच्चों ने इस उपकरण को नेत्रहीन बच्चों स्कूट को मुफ्त देने की बात कही है। संस्था के किट चेयरमेन अनुराग सोनी ने बताया कि नीति नानी आयोग एवं अटल इनोवेशन मिशन द्वारा हीरो जबलपुर के उत्कृष्ट संस्थान ब्रिटिश फोर्ट पुरा फाउंडेशन स्कूल में अटल रोबोटिक्स का एंड सेंसर लेबोटरी बनाई गई है। उन्होंने अंद बताया कि संस्था के विदेशी भाषाओं में बच्चों का बेहतर विकास हो इसके लिए के बोरसाना की अयान्डा, रोमानिया की एलेक्जेन्ड्रा एवं इजिप्ट की मिस एलेय बच्चों को भाषाई जानकारी दे रही है।



## कोविड 19 बूस्टर डोज टीकाकरण महाअभियान

**जबलपुर, यशभारत।** सदर बाजार के मेन रोड स्थित आकाशगंगा कॉम्प्लेक्स मेहंदीबाग में कैंट के लोकप्रिय जनसेवक विधायक अशोक रोहाणी एवं संजय कपूर के मार्गदर्शन में बूस्टर डोज वैक्सिनेशन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 लोगों ने टीकाकरण लाभांश प्राप्त किया! इस टीकाकरण का आदर्श उद्देश्य-लोगों को कोरोना के प्रति पुनः जागरूक करना हैं। शिविर में राहुल कपूर,राजेश श्रीवास, रोहित कुरील, विमल गोलछा, रजनीकांत अवस्थी, अनिल महावर, अमित जाटव, विनोद कुरील आदि क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे

### सेन समाज की कावंड़ यात्रा कल

जबलपुर,यशभारत। जबलपुर सेन समाज की कावंड़ यात्रा भोले शंकर सेन परिवार द्वारा 8 अगस्त को सुबह ग्वारीघाट से निकाली जाएगी। जो भानतलैया होते हुए बड़ी खेरमाई तक जाएगी। नारायण श्रीवास ,सीताराम सेन, प्यारेलाल श्रीवास ,मुकेश सेन उमेश सेन ,श्याम सुन्दर सेन, आशा राम सेन, संजय सेन, आशा देवी, श्रीवास गुलाब बाई ,संगीता श्रीवास द्वारा शंकर जी का अभिषेक सुबह 10 बजे किया जाएगा।

SINCE 1995
METC
AN INSTITUTE OF COMPUTER & VOCATIONAL EDUCATION
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.वि.वि. से संबद्ध
PGDCA प्रवेश प्रारंभ TALLY PRIME
DCA सर्वश्रेष्ठ परिणाम CPCT SPECIAL BATCHES
AIECCE New Delhi संबद्ध
NTT नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग
Elg.-10",12"/Graduate
FREE Seminar, GDPL, Course Material & Skill Dev.
3rd फ्लोर, मोहित चेम्बर्स, राईट टाउन- 9302227789 | राजुल सिटी गंगानगर, गढ़ा-9303327788

2005 से अग्रणी
2022-2023 सत्र हेतु प्रवेश
महात्मा गांधी महिला कम्प्यूटर इन्स्टीट्यूट
(माखन लाल चतुर्वेदी विश्व विद्यालय से)
बेसिक कम्प्यूटर कोर्स
PGDCA योग्यता स्नातक | DCA योग्यता बारहवीं | BCA योग्यता बारहवीं | TALLY | CPCT | TYPING
सफलता के 16 वर्ष
आयुष गैलरी के ऊपर, होमसाइंस कॉलेज रोड, जबलपुर जबलपुर- 9111167794, 6265955100

JICS JABALPUR INSTITUTE OF COMPUTER SCIENCE
वर्ष 2000 से कार्यरत
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
(म.प्र. शासन के ऐक्ट नं. 15, 1990 द्वारा स्थापित वि.वि.)
सत्र जुलाई 2022-2023 सीधे प्रवेश प्रारंभ
M.Sc.(CS) योग्यता- स्नातक किसी भी विषय में
BCA योग्यता- 12 वी किसी भी विषय में
B.Com (CA) योग्यता- 12 वी किसी भी विषय में
DCA योग्यता- 12 वी किसी भी विषय में
PGDCA योग्यता- स्नातक किसी भी विषय में
वि.वि. के पाठ्यक्रम सभी शासकीय, अशासकीय नौकरी एवं उच्च शिक्षा के लिए मान्य हैं।
महाकौशल क्षेत्र का अग्रणी संस्थान
अधारताल, भारत गैस के बाजू में, जबलपुर मो. - 0761-4066631, 9893322108
ARPITA


स्थापना 1948 74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

# चरगवां में भीषण सड़क हादसा, दो की मौत

- बाइक सवारों को कुचलते हुए घर में जा घुसी माजदा
- शहर से खरीदी करने जा रहे थे दोनो युवक
- चालक, परिचालक के टूट गए हाथ-पैर, क्षेत्र में हड़कंप



जबलपुर, यशभारत। चरगवां थाना अंतर्गत ग्राम बिछुआ में आज रविवार को सुबह बेकाबू स्वराज माजदा चालक ने एक बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान माजदा वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि वाहन बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए रोड किनारे घर की बाउंड्रीवॉल तोड़ते हुए सीधे अंदर जा घुसा। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन चिकित्सकों ने चैक कर दोनों घायल हुए युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, माजदा के चालक और परिचालक भी घटना में बुरी तरह घायल हुए है। दोनों के हाथ और पैर फ्रेक्चर हो चुके हैं। जिसके बाद दोनों को मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। चरगवां थाना प्रभारी विनोद पाठक ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह करीब 7 बजे ग्राम बिछुआ में स्वराज माजदा वाहन क्रमांक एमपी 09 जीजी 1422 के चालक ने बाइक क्रमांक एमपी 10, 4990 में सवार दो युवकों को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में बाइक में सवार नीलेश नामदेव उम्र 36 साल और किशोरी चौधरी उम्र 27 साल बुरी तरह घायल हो गए। हादसे में खून अधिक बहने के चलते दोनों की ही दर्दनाक मौत हो गयी।

### बाउंड्री तोड़, घर में घुस गया माजदा

पुलिस ने बताया टक्कर इतनी जोरदार थी कि माजदा वाहन ने बाइक को टक्कर मारते हुए रोड किनारे स्थित सीताराम शर्मा की बाउंड्रीवॉल तोड़कर सीधे घर में जा घुसा।

### पेशे से व्यापारी है मृतक

पुलिस ने बताया कि दोनों की मृतक पेशे से व्यापारी थे। एक चूते-चप्पल की दुकान लगाता था तो वहीं दूसरा कपड़े का व्यवसाए करता था और दोनों माल लेने जा रहे थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि मौत उनका इंतजार कर रही है।





### टूट गए हाथ-पैर

हादसा इतना भीषण था कि स्वराज माजदा का चालक राहुल और परिचालक बुरी तरह घायल हो गए। दोनों के हाथ और पैरों में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। वहीं, घटना की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की सहायता से बाउंड्री वॉल तोड़कर घुसी माजदा को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

क्राईम ब्रांच, रांझी पुलिस की कार्रवाई

## 27 हजार रुपये 5 मोबाइल जब्त

**स्कूल के पास जमा था जुआ फड़, 7 गिरफ्तार**

**जबलपुर, यशभारत।** क्राइम ब्रांच और थाना रांझी की टीम ने जे.पी.मेमोरियल स्कूल के पास दबिश देकर जुआ खेल रहे 7 जुआड़ियों को दबोचकर 27 हजार 500 रूपये तथा 5मोबाइल फोन जब्त किये गये हैं। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी रांझी सहदेव राम साहू ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली थी कि जुआरी जे.पी.मेमोरियल स्कूल के पास मैदान में जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना रांझी की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई, जहां घेराबंदी कर गोलू यादव निवासी गंगाराम का बाड़ा, सूरज अहिरवार निवासी झंडा चौक, नीरज गोहत, सूरज कश्यप निवासी रक्षा कालोनी, भूरा यादव निवासी बड़ा पत्थर सहित सात जुआड़ियों को दबोचकर नगद 27 हजार 500 रूपये तथा 5 विभिन्न कम्पनी के 5 मोबाइल जब्त करते हुये कार्यवाही की गई।

## महापौर के साथ पार्षदों ने भी ली शपथ






### संतो की उपस्थिति में शपथ लेना गौरव की बात : कमलनाथ

**जबलपुर, यशभारत।** महापौर-पार्षद शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि भारत जैसी अध्यात्मिक शक्ति किसी के पास नहीं है। इनके सान्धिय में शपथ लेना अपने आप में गौरव की बात है। महापौर शपथ ग्रहण के बाद कांग्रेस पार्षदों ने शपथ ली इसके साथ ही असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम पार्टी के दो पार्षदों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में देर से पहुंचे निर्दलीय पार्षद हीरा उस वक्त थोड़ा असहज महसूस हुण जब उनसे शपथ अच्छे से पढ़ती नहीं बनी। हालांकि बाद में महापौर अन्नू उनके पास पहुंचे हौंसला बढ़ाया और शपथ दिलवाई।

## फर्ज के प्रति वफादार खाकी

**कार्रवाई से बचने रांझी एएसआई को फंसाने दास्ता पत्नी से करवा दी झूठी शिकायत**



जबलपुर, यशभारत। रांझी एएसआई के खिलाफ एक महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए पिछले दिनों एसपी ऑफिस में शिकायत की थी। लेकिन असल मामला कुछ और था, दरअसल एएसआई ने बदमाश निक्की सोनकर के खिलाफ तीन मामले कायम किए थे। जिससे बौखलाए बदमाश ने अपनी दासता पत्नी का सराहा लेकर एएसआई मनोज गोस्वामी के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करवाकर, कार्रवाई रुकवाना चाहा। हांलाकि पूरे मामले की फिलहाल छानबीन जारी है। पुलिस सूत्रों ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों रांझी थाने में पदस्थ एएसआई मनोज गोस्वामी के खिलाफ एक महिला ने प्रताड़ना का आरोप लगाया था। जिसके बाद विभाग में हलचल तेज हो गयी थी।

### ये मामले किए थे पंजीबद्ध

बापू नगर रांझी निवासी निक्की सोनकर के खिलाफ एएसआई मनोज गोस्वामी ने गैस रिफलिंग सहित तीन मामले पंजीबद्ध किए गए है। जिसमें अवैध रिवाल्वर रखने, अवैध शराब रखने, पत्नी को प्रताड़ित करने, दास्ता पत्नी के पति राजा सोनकर के साथ मारपीट करने की शिकायत के बाद विधि संगत मामले दर्ज किए थे।

### यह है पर्दे के पीछे की सच्चाई

शिकायतकर्ता महिला, निक्की सोनकर की दासता पत्नी है। जो बिना अपने पति को तलाक दिए, निक्की सोनकर के साथ अवैध तरीके से रह रही है और निक्की सोनकर की पत्नी को शिकायतकर्ता और निक्की सोनकर ने मारपीट कर भगा दिया है। निक्की सोनकर की पत्नी की रिपोर्ट पर निक्की सोनकर के खिलाफ धारा 498 के तहत मामला रांझी में कायम किया गया था। यही नहीं, 28 जुलाई 2022 को निक्की सोनकर की बहन रबीना सोनकर ने अपने पति के साथ थाने आकर रिपोर्ट की थी कि भाई निक्की सोनकर और दासता पत्नी घर में घुसकर मेरे बच्चे और पति को जान से मारने की धमकी दे रहे है। जो थाने में एनसीआर दर्ज है। इसी आधार पर निक्की सोनकर के खिलाफ धारा 151 की कार्रवाई की गई थी। उसी समय निक्की सोनकर और महिला ने एएसआई मनोज गोस्वामी को धमकी दी थी कि झूठी शिकायत कर फंसवा देंगे। जो 28 जुलाई 2022 को ही रोजनामचा 33 में यह रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उक्त घटना का खंडन भी निक्की सोनकर की सगी बहन रबीना सोनकर ने किया था। जिसके चलते रबीन ने नगर पुलिस अधीक्षक रांझी को बजरंग दल महिला कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर ज्ञापन दिया था।

## जबलपुर का ऐसा कैसा चोर, माता लक्ष्मी जी को प्रणाम करके उठा ले गया तीन दानपेटियां



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर पाटन के सूखा गांव में अजब-गजब चोरी करने का तरीका सामने आया है। पहले तो चोर हाफ पेंट में मंदिर के अंदर घुसा, माता महालक्ष्मी जी को सिर झुकाकर, हाथ जोड़कर प्रणाम किया। गलती की क्षमा याचना की और इसके बाद मंदिर में रखीं तीन दान पेटियों को उठाकर अपने साथ ले गया। चोर का यह पूरा कारनामा सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गया है। घटना के वीडियो सोशल मीडिया में बड़ी तेजी से वायरल हो रहे है। इधर, मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने माढ़ोताल थाने में घटना की शिकायत दर्ज करवाई है। पूरी घटना 5 अगस्त 2022 की बताई जा रही है।

## पट्टी पर बैठे युवक की मौत!

**फिट आने के कारणा गिरा, इलाज के दौरान मौत**



**जबलपुर, यशभारत।** बड़ी ईदगाह की पट्टी में एक युवक बैठा था, लेकिन फिट आने से अचानक पीछे की ओर गिरा। जिसे गंभीर चोट आने के बाद आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सब्जी मंडी पांडे चौकी निवासी सुभम ठाकुर पिता विजय ठाकुर उम्र 28 साल, बड़ी ईदगाह रानीताल के पास पट्टी पर बैठा हुआ था। अचानक फिट आने से वह पीछे की ओर गिर गया। हादसे में उसके सिर में चोट आ गयी। जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, जांच में लिया है।

## प्लाट एक, मालिक दो : सिविल इंजीनियर से विवाद कर पिता को पटिया मारकर किया घायल, मां से भी मारपीट

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत ड्रीमलैंड सिटी में एक प्लाट के अचानक दो मालिक हो गए। जिसको लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। इसी के चलते चारों आरोपियों ने सिविल इंजीनियर से मारपीट कर पिता को पटियों से मारकर लहूलूहान कर दिया और मां से भी जमकर मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नितिन सिंग जाट पिता राजपाल सिंग 24 वर्ष निवासी ड्रीमलैंड सिटी ने बताय कि घर के पीछे ही पिता राजपाल सिंग ने एक प्लाट खरीदा था, जिसमें मिट्टी डालवा रहे थे। तभी ब्रजेश मिश्रा और उसका भाई अंकुश मिश्रा, पूजा मिश्रा सहित जिस्सु यादव आ गए और प्लाट अपना बताने लगे। जब उसके पिता ने विरोध किया तो मारपीट कर वहीं पड़ा हुआ पटिया उठाकर उनके पिता पर हमला कर दिया। चीख पुकार मचने पर वह और उसकी मां भी आ गई। बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।



## पर्यावरण संदेश के लिए उत्तराखंड मित्र मंडल ने रोपे पौधे

**जबलपुर, यशभारत।** पर्यावरण में पौधों की संख्या बढ़ानी होगी अभी समय है हम पौधे लगाकर पर्यावरण को संवार सकते हैं एक एक पौधा प्रकृति के लिए जरूरी है आज हम एक पौधारोपण करेंगे तो कल पेड़ वृक्ष ना केवल जीवनदायिनी औषधियां व ऑक्सीजन देते हैं बल्कि पक्षी भी इसमें अपना आशियाना बनाते हैं इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्तराखंड मित्र मंडल द्वारा रामनगर पार्क में आंवला, नीम, बेल, बरगद, पीपल के वृक्ष लगाएं। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष दुर्गेश शाह, गोपाल जोशी, डीके पांडे, बृजेश शाह, कमलेश, प्रेम सिंह बिष्ट, दिनेश पांडे, भुवन चंद्र पांडे, तुलसा सिंह मनराल, गोपाल कृष्ण जोशी, सुनील कुमार जोशी, शंकर सिंह, अशोक सिंह कराया, गोपाल दत्त जोशी, एच एस कंवर, जगत सिंह रावत, दुर्गेश शाह, डी के पांडेय, जी के जोशी, राजेंद्र सिंह एच एस कुंवर, बृजेश शाह, तुलसा सिंह मनराल बंशीधर फुलोरिया एम डी फुलोरियां आनंद सिंह अधिकारी केदार सिंह मनराल पान सिंह राणा सुनील कुमार जोशी भुवन चंद्र पांडेय भुवन चंद्र पंत शंकर सिंह बिष्ट चंद्र शेखर खुलबे ललित मोहन चमोली सदानंद चमोली कामेश्वर खंडूरी मौजूद रहे।

गैलेक्सी
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आर्यरा
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
रोस्टेट नमकीन, सत्तू, मूंगफल्ली की लइया, रोस्टेट ड्राई फ्रूड, वेक्ड टोस्ट, करेला चिप्स, पीनट चिक्की, ड्राईभेल, बिस्केट, फुल्की, रोस्टेड मूंगफल्ली, सिंधी पापड़, चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

## भोपाल श्रमोदय स्कूल के 10वीं के छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगाई

**भोपाल।** भोपाल के श्रमोदय स्कूल के 10वीं के छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगा ली। स्कूल परिसर में स्थित हॉस्टल में छात्र का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय छात्र अभिषेक चढ़ार मूलतः टीकमगढ़ का रहने वाला था। वह खजुरी सड़क के मुगालिया छाप स्थित श्रमोदय स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था। वह स्कूल परिसर में बने हॉस्टल में ही रहता था। शनिवार को अभिषेक कक्षा में आया था। दोपहर में हॉस्टल चला गया। कक्षा में नहीं लौटने पर टीचर ने उसको देखने के लिए भेजा। हॉस्टल में अंदर से कमरा बंद था। अंदर झांक कर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची खजुरी सड़क थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। छात्र के परिजनों का सूचना दे दी गई। बच्चे ने फांसी लगाने का कदम क्यों उठाया जैसे सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही हैं।

## सीहोर में हैंडराइटिंग अच्छी नहीं होने पर तीसरी के बच्चे को बेरहमी से पीटा, टीचर पर एफआईआर

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के सीहोर से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। एक महिला टीचर पर तीसरी के बच्चे को पीटने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पीटने के पीछे वजह बताई जा रही है कि बच्चे की हैंड राइटिंग मास्टरजी को पसंद नहीं आई। बच्चे के पिता ने जब शरीर पर चोट के निशान देखे तो उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार सीहोर के इछावर मारंग पर ग्राम हसनाबाद जोड़ पर ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सेलेन्स है। यहीं की तीसरी कक्षा में अयान नामक बच्चा पढ़ता है। अयान के पिता रिजवान शकीन ने बताया कि जब अयान स्कूल से लौटा तो रो रहा था। हमने रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि मोनिका मैडम ने मारा है और कहा कि उसे बहुत दर्द हो रहा है। जब हमने उसके कपड़े निकालकर देखें तो उसके शरीर पर चोट के निशान साफ दिख रहे थे। बच्चे के कंधे पर, पीठ पर, जांघ पर लकड़ी से मारने के निशान थे। जांघ पर तो निशान हरे पड़ गए थे। इसके बाद परिजन स्कूल पहुंचे और टीचर की शिकायत की। उनसे जब मारने की वजह पूछी गई तो मैडम का कहना था कि बच्चे की हैंडराइटिंग काफी खराब है। सुधारने के लिए मारा है।

# आकाशीय बिजली गिरने से सात की मौत, सतना और विदिशा में हुए हादसे

**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा से लोगों के चेहरे खिल उठे हैं, लेकिन इस राहत के साथ आसमान से आफत भी बरस रही है। प्रदेश के सतना और विदिशा में वर्षा के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की मौत हो गई है। हालांकि ये पहली घटना नहीं है, इस मानसून सीजन में कई जगह आकाशीय बिजली के कारण अब तक कई लोग जान गंवा चुके हैं, जबकि कई जगह पशुओं की मौत भी हुई है। इसी वजह से प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी करके लोगों को आकाशीय बिजली से बचने के लिए कुछ जरूरी उपाय बताए हैं।



### ईमली के पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली, नीचे खड़े चार लागों की मौत

विदिशा जिले गंजबासौदा ब्लाक के ग्राम आगासोद में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। गांव की बस्ती इलाके से करीब आधा किलोमीटर पहले एक ईमली का पेड़ पर बिजली गिर थी, पेड़ के नीचे चार लोग खड़े हुए थे, जो उसकी चपेट में आ गए। बताया जाता है कि वर्षा से बचने के लिए चारों लोग इस पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे। सिटी थाना प्रभारी कुंवर सिंह मुकाती ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम गृहणी निवासी गोलू मालवीय, आगासोद निवासी रामू आदिवासी, गुड्डा आदिवासी और प्रभुलाल आदिवासी की मौत हुई है। इनमें से मृतक गोलू मालवीय गांव-गांव सब्जी बेचने के काम करता था। आगासोद से वह गृहणी गांव ही जा रहा था, तभी वर्षा हो गई और उससे बचने के लिए वह सड़क किनारे लगे इमली के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। वर्षा से बचने के लिए ही वहां से निकल रहे रामू, गुड्डा और प्रभुलाल भी चले गए। इसी दौरान बिजली गिरी जिससे चारों और करीब दस से 15 फीट दूर फिका गए। टीआइ ने बताया कि चारों के शरीर में झुलसने जैसे निशान हैं। घटना करीब शाम साढ़े चार बजे की है। चारों के शवों को गंजबासौदा के सिविल अस्पताल लाया गया है, जहां उनका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार गांव और आसपास के क्षेत्र में करीब आधे घंटे तक बादल गरजने और बिजली चमकने के साथ तेज वर्षा हो रही थी। इधर मौसम विभाग ने भी जिले में अति भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। गौरतलब है कि इससे पहले सिरोंज में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद प्रशासन ने भी आकाशीय बिजली से बचने के उपाय बताते हुए एडवायजरी जारी की थी।

सतना में खेत में काम कर रहे तीन श्रमिकों की मौत: सतना में तेज गरज चमक के साथ दोपहर को बारिश हुई। इस दौरान ग्राम पतौरा में आकाश से गिरी बिजली की चपेट में आकर तीन श्रमिकों की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों में दो युवतियां और एक युवक है। घटना जिले के नागौद थाना की पोड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पतौरा की शनिवार दोपहर की है। इस हादसे के बाद पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है और पूरा गांव शोक की लहर में डूबा हुआ है। बताया जा रहा है कि रमाकांत द्विवेदी के खेत में श्रमिक धान का रोपा लगा रहे थे, तभी श्रमिक पास में ही कैथे के पेड़ के नीचे खाना खाने आकर बैठ गए। इसी दौरान अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई। जिसमें 18 वर्षीय राजकरण कुशवाहा पिता सुरेश कुशवाहा, 19 वर्षीय अंजना उर्फ अंजू पिता गनपत यादव और एक 17 साल की प्राची यादव पिता रामनिवास यादव की मौत हो गई। जबकि इस हादसे राजकरण की बहन 19 वर्षीय कल्पना कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसका इलाज जिला अस्पताल सतना में चल रहा है। हादसे के बाद सभी को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। सभी पतौरा गांव के ककरहा टोला के निवासी हैं। आकाशीय बिजली जैसे ही पेड़ पर गिरी तो नीचे बैठे श्रमिकों के साथ-साथ पेड़ पर बैठे तोते और पेड़ में चिपकी छिपकली तक मर गई। बताया जा रहा है कि हादसा इतना भयानक था कि खेत में अन्य लोगों की चीखें निकल गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया है।



## संघ का काम भारत को परम वैभव संपन्न बनाना : भागवत

**भोपाल, यशभारत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को भोपाल में आयोग विश्व संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह में कहा कि संघ का काम भारत वर्ष में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नाम से इस भारत वर्ष को परम वैभव संपन्न बनाना। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि यह भारत वर्ष विश्व गुरु बनेगा। कैसे बनेगा। इस भारत वर्ष की संतानें जो आज भारत वर्ष में हैं और जो संपूर्ण दुनिया में हैं। उस देश के बहुत अच्छे रहवासी या नागरिक बनकर उन देशों की भी सेवा कर रहे हैं। कहीं पर भी अनिवासी या जो भारतीय दूसरे देशों के नागरिक बने। उनके आचरण पर छोटा सा भी धब्बा नहीं है। जहां जहां गए वो उस देश की संपत्ति बने। उन सारे लोगों के जीवन के माध्यम से उनके एक समाज के नाते संगठित जीवन के माध्यम से संपूर्ण दुनिया अपने संगठित जीवन का अपने पद्वति से आदर्श उत्पन्न करेगी। अपनी प्रकृति के आधार पर उसको सजाएगी और संभालेगी। यह थोपा नहीं जाएगा। यह देख कर होगा। जो देख कर अच्छा लगेगा, दुनिया उसके पीछे जाएगी। और संपूर्ण विश्व में संपूर्ण मानवता को एक करने वाला एक वातावरण खड़ा होगा। विश्व गुरु भारत के बिना बोले प्रत्यक्ष कृति से बताए उदाहरण का अनुकरण करके एक नई सुखी दुनिया का उदय होगा। यह सपना लेकर आरएसएस हिंदु स्वयं सेवक संघ का काम उस उस देश में चलता है। भागवत ने कहा कि हमारे देश के अस्तित्व का प्रयोजन दुनिया को धर्म देना है। विश्व के कल्याण की इच्छा रखने वाले ऋषियों के तप से हमारे राष्ट्र का जन्म हुआ। स्वामी विवेकानंद ने बताया कि भारत को अपने स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि दुनिया के लिए जीना है।

## भोपाल में भाई की गला घोंटकर हत्या की, फिर सांप से डसने की झूठी कहानी रची, गिरफ्तार

**भोपाल,यशभारत।** भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में छोटे भाई ने बड़े भाई की गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर सांप के डसने की झूठी कहानी रची। हद तो यह है कि पिन से सांप के डसने के निशान भी बना दिए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में झूठ का खुलासा हो गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी धर्मवीर ने बताया कि मकान में हिस्सा नहीं देने को लेकर उसका बड़े भाई से विवाद चल रहा था।



पुलिस के अनुसार 4 अगस्त को एम्स भोपाल से पुलिस को सूचना मिली कि मरीज 45 वर्षीय धर्मेन्द्र वाल्मीकि पिता बंशीलाल वाल्मीकि निवासी पिपलिया पेंदे खां को उसका भाई धर्मवीर इलाज के लिए लाया है। जिसने बताया कि सुबह करीब 9 बजे घर में धर्मेंद्र बेहोशी की हालत में मिला था। जिसकी जांच करने पर मृत पाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। धर्मवीर ने डॉक्टरों को बताया कि उसे सांप या किसी जहरीली कीड़े ने काट लिया था। धर्मेन्द्र के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस की जांच में सामने आया कि धर्मेंद्र की मां कस्तूरी बाई ने कुछ समय पूर्व बरखेड़ा पठानी का अपना स्वयं का पुस्तैनी मकान 4.70 लाख रुपए में बेचकर पिपलिया पेंदे खां बागसेवनिया में मकान खरीदा था। जिसमें मृतक व उसकी मां निवास करते थे। आरोपी धर्मवीर को कोई हिस्सा नहीं दिया था। जिससे दोनों भाइयों के बीच मनमुटाव था। धर्मवीर शाहनहांनाबाद में रहता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के गला दबाने से दम घुटने से मौत होने का कारण सामने आया। वहीं, पुलिस की जांच में मृतक की मां और छोटे भाई धर्मवीर के बयान में भी विरोधाभाष सामने आया। जांच में यह भी सामने आया कि घटना की रात आरोपी और उसका भाई के अलावा कोई दूसरा व्यक्ति उपस्थित नहीं था। दोनों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर मनमुटाव चल रहा था। इसी बात को लेकर रात में जब धर्मेंद्र सो रहा था तब धमरवीर ने गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## हर घर तिरंगा अभियान के जवाब में कांगेस का तिरंगा सम्मान महोत्सव

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी आजादी की हीरक जयंती वर्ष पर आदिवासी क्षेत्रों में तिरंगा सम्मान महोत्सव एवं पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। 9 अगस्त से 15 अगस्त आयोजित किए जाने वाले इस तिरंगा महोत्सव व पदयात्रा की शुरुआत मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आदिवासी बलिदानी वीर टंट्या भील की जन्मभूमि इंदौर के पातालपानी से करेंगे। कमलनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में कमलनाथ इंदौर में आदिवासी बलिदानी नेता टंट्या भील की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर तिरंगा सम्मान महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। वहीं 9 से 15 अगस्त तक संभागीय शहरों में होने वाले कार्यक्रमों में तिथिवार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर ने बताया कि 9 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पातालपानी (इंदौर), 10 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ग्वालियर, 11 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया सागर, 12 अगस्त को चंबल संभाग में सुरेश पचौरी और शहडोल संभाग में राज्यसभा सांसद राजमणी पटेल, 13 अगस्त को रीवा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह राहुल भैया और उज्जैन में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव, 14 अगस्त को जबलपुर में विवेक तन्खा और इंदौर में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह आजादी के हीरक जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

## 37 निकायों के निर्वाचन में 36 पर BJP जीती अब तक 72 में से 66 पर अध्यक्ष बने

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में शनिवार को 37 स्थानों पर हुए निर्वाचन में 36 स्थानों पर विजय मिली है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी निर्वाचित अध्यक्षों और सभापति को बधाई दी है। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में 35 नगर पालिका/नगर परिषद में से 34 स्थानों पर भाजपा के अध्यक्ष चुने गए, जबकि एक स्थान पर निर्दलीय को जीत मिली। वहीं 2 नगर निगम के सभापति चुनाव में भाजपा ने विजय का वरण किया है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी निर्वाचित अध्यक्षों और सभापति को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के विकास और विजन की जीत है। निकायों में अध्यक्ष चुना जाना माननीय शिवराज जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि इस विजय से स्पष्ट होता है कि जनता के चुने हुए पार्षद भी कांग्रेस को अब विपक्ष के रूप में भी पसंद नहीं कर रहे। कई निकायों में कांग्रेस ने जोड़तोड़ की राजनीति भी की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी और कांग्रेस शून्य ही रही। शहरों से लेकर गांव के विकास के लिए लोग सिर्फ भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव के परिणामों ने बता दिया कि जनता सिर्फ भाजपा के साथ है। अंतर्विरोधों से घिरी कांग्रेस केवल चुनाव में सक्रिय होती है और फिर अगले चुनाव तक के लिए निष्क्रिय हो जाती है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अब तक 72 निकायों में हुए निर्वाचन में 66 स्थानों पर भाजपा के अध्यक्ष चुने गए हैं। 6 अगस्त को 37 में से 36, 5 अगस्त को 21 में से 18, 4 अगस्त को 8 में से 6, 3 अगस्त को 5 में से 5 और 1 अगस्त को 1 में से 1 पर भाजपा विजय रही।

## फिर से होगी राज्यसेवा मुख्य परीक्षा 2019 इंटरव्यू तक पहुंचे उम्मीदवारों को बड़ा झटका

**भोपाल ,यशभारत।** राज्यसेवा मुख्य परीक्षा 2019 फिर से आयोजित होगी। मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग (पीएससी) ने ऐसे संकेत दिए हैं। असल में कुल 577 पदों के लिए ये परीक्षा मार्च 2021 में ही आयोजित हो चुकी है। परीक्षा के नतीजे भी जारी कर दिए गए थे। परीक्षा में पास हुए 1918 अभ्यर्थी इंटरव्यू के आखिरी दौर में शामिल होने का इंतजार कर रहे थे। अब उन्हें फिर से मुख्य परीक्षा में शामिल होकर फिर से इंटरव्यू के लिए सफल होना पड़ेगा। विशेषज्ञ बता रहे हैं कि यह पहला मौका होगा जब राज्यसेवा मुख्य परीक्षा फिर से करवानी पड़ेगी। पीएससी की तमाम परीक्षाओं के नतीजे और प्रक्रिया ओबीसी आरक्षण के पेच में उलझे हुए हैं। राज्यसेवा परीक्षा 2019 का मामला इससे थोड़ा अलग है। राज्य सेवा परीक्षा 2019 का रिजल्ट पीएससी ने नए भर्ती नियम के हिसाब से जारी किया था। पुरानी परीक्षाओं से अलग इसमें आरक्षित वर्ग के मेरिट होल्डर अभ्यर्थियों को अनारक्षित सीटों पर नहीं चुना। इस संशोधन के खिलाफ लगाई याचिका पर हाई कोर्ट ने 7 अप्रैल को निर्णय सुना दिया था। कोर्ट ने पुराने भर्ती नियम यानी राज्यसेवा नियम 2015 के हिसाब से रिजल्ट को संशोधित कर जारी करने का आदेश दिया है। अभ्यर्थी अब तक मान रहे थे कि पीएससी रिजल्ट में ही संशोधन कर इंटरव्यू का रास्ता निकाल लेगा। पीएससी की ओर से साफ कर दिया गया है कि क्योंकि पुराने नियम का पालन करते हुए नया रिजल्ट जारी करना होगा। ऐसे में यह संभव नहीं है कि पूर्वघोषित अभ्यर्थियों के इंटरव्यू करवाए जा सकें। लिहाजा पीएससी को राज्यसेवा मुख्य परीक्षा 2019 फिर से आयोजित करनी ही होगी।

- नवंबर 2019 में पीएससी ने राज्यसेवा-2019 घोषित की
- 12 जनवरी 2020 को प्रारंभिक परीक्षा संपन्न हुई
- प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम 21 दिसंबर 2020 को जारी हुआ
- प्रारंभिक परीक्षा से 10767 विद्यार्थी मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए
- 21 से 26 मार्च 2021 तक मुख्य परीक्षा आयोजित हुई
- 31 दिसंबर 2021 को मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ
- मुख्य परीक्षा से 1918 अभ्यर्थी इंटरव्यू के अंतिम दौर के लिए चुने गए
- फरवरी में इनके इंटरव्यू करवाने की घोषणा करते हुए जनवरी 2022 में सभी से दस्तावेज भी पीएससी ने जमा करवा लिए थे।

" अभ्यर्थी मांग कर रहे हैं कि राज्यसेवा 2019 के इंटरव्यू करवा लिए जाए, यह संभव नहीं है। पुराने नियम से नया रिजल्ट बनेगा। इसके लिए मुख्य परीक्षा फिर से करवानी होगी। ओबीसी आरक्षण पर स्थिति साफ हो जाए तो हम यह परीक्षा फिर से करवाएं।

**- डा. रवींद्र पंचभाई, ओएसडी मप्र लोकसेवा आयोग**

## 12 अगस्त तक पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2022 में रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि अब 12 अगस्त 2022 की गई है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि पांच अगस्त निर्धारित थी। प्रमुख सचिव पर्यटन और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने और जिले में प्रशासकीय अमले की निर्वाचन कार्य में व्यस्तता होने से यह निर्णय लिया गया हैं। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है। स्कूली विद्यार्थियों को प्रदेश के पर्यटन से परिचित कराने और पर्यटन से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2022 की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश के शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पर्यटन निगम के होटलों का टूर पैकेज सहित प्रमाण पत्र और मेडल दिए जायेंगे। प्रतियोगिता से बच्चों में भविष्य में पर्यटन के लिए मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रति आकर्षण के साथ पर्यटन संबंधी जानकारी बढ़ेगी। टूरिज्म बोर्ड वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन कर रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव पर जनजातीय कार्य विभाग के स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

## भोपाल, इंदौर में भारी वर्षा के आसार, प्रदेश में सामान्य से पांच प्रतिशत अधिक वर्षा



**भोपाल ,एजेंसी।** अलग-अलग स्थानों पर पांच मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। मानसून ट्रफ भी सागर से होकर गुजर रहा है। इसके चलते राजधानी सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में रुक-रुककर वर्षा होने का सिलसिला बना हुआ है। इसी क्रम में शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक ग्वालियर में 54.6, मंडला में छह, इंदौर में 5.2, बैतूल में पांच, सागर में एक, दमोह में एक, सतना में 0.8, भोपाल में 0.4 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, इंदौर, उज्जैन संभागों के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक मानसून ट्रफ के मध्य प्रदेश से गुजरने के कारण भोपाल, इंदौर संभागों के जिलों में अच्छी वर्षा हो रही है। वर्तमान में आंध्रा तट पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात के रविवार को कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है। इस मौसम प्रणाली के आगे बढ़ने पर सोमवार-मंगलवार को मप्र के अधिकतर जिलों में तेज बौछारें पड़ने का सिलसिला शुरू हो सकता है। बता दें कि इस सीजन में शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक मप्र में कुल 545.6 मिमी. वर्षा हो चुकी है। यह सामान्य (519.8 मिमी.) की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। मप्र के 12 जिलों में अभी सामान्य से कम वर्षा हुई है।

### ये मौसम प्रणालियां हैं सक्रिय

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में पाकिस्तान के मध्य में एक पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। मानसून ट्रफ जेसलमेर, कोटा, सागर, पेंड्रा रोड, बालासोर से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। आंध्र प्रदेश के तट पर हवा के ऊपरी भाग में एक शक्तिशाली चक्रवात बना हुआ है। मध्य राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। दक्षिणी महाराष्ट्र से उत्तरी केरल तक अपतटीय ट्रफ बना हुआ है।

## कांग्रेस नेता ने आरएसएस प्रमुख को तिरंगा देने का किया ऐलान

### पुलिस ने पीसीसी मुख्यालय पहुंच की पूछताछ

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल के कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में शनिवार को पुलिस अंदर घुस गई। जिसके बाद कांग्रेस ने पुलिस पर बिना सूचना के भवन में घुसने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने चिंता जताई और कहा कि अब तिरंगा भेंट करना भी गुनाह गया है। दरअसल एमपी कांग्रेस की मीडिया उपाध्यक्ष संगीता शर्मा शनिवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रध्वज तिरंगा भेंट करने का ऐलान किया था। संगीता शर्मा ने कहा राष्ट के स्वाभिमान, गौरव, सम्मान और बलिदान का प्रतीक राष्ट्र ध्वज तिरंगा झंडा भेंट करने के साथ ही मीडिया विभाग का प्रतिनिधि मंडल मोहन भागवत को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इतिहास से जुड़ी एक पुस्तक भी भेंट करेगा।



लेकिन उनके तिरंगा भेंट करने जाने से पहले ही उनके कक्ष में पुलिस पहुंच गई। साथ ही इसके कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष के के मिश्रा के कमरे में भी पुलिस पहुंची है। और मुख्यालय को भी पुलिस ने छावनी बना दी।दरअसल बीजेपी पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। वहीं संघ के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत इन दिनों भोपाल में ही है। बीजेपी हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों को तिरंगा अपने घर और उसकी फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगाने के लिए प्रेरित कर रही है।

बता दें कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बीते चार दिनों से भोपाल में हैं। शुक्रवार को वे होशंगाबाद रोड स्थित बंसल कॉलेज में विश्व संघ शिक्षा वर्ग में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने आरजीपीवी में विश्व हिन्दू परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विचार मंथन किया। विश्व संघ शिक्षा वर्ग का समापन समारोह पीपुल्स मेडिकल कॉलेज में होगा। इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख शाम 5 बजे शामिल होंगे। पुलिस प्रशासन भी आरएसएस प्रमुख के कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं देखना चाहता। और इसलिए पुलिस ने कांग्रेस मुख्यालय पहुंच कर संगीता शर्मा और केके मिश्रा से बातचीत की।

## हमीदिया अस्पताल में आयुष्मान मरीजों को नहीं मिल रहा संपूर्ण मुफ्त इलाज

**भोपाल यशभारत।** जबलपुर के अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अस्पतालों की इलेक्ट्रिकल एवं फायर आडिट कराने में लगा है। उधर, हाल यह है कि आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को निश्शुल्क इलाज तक नहीं मिल पा रहा है। हमीदिया अस्पताल में मरीज को इलाज के लिए 30 हजार से 40 हजार रुपये तक खर्च करना पढ़ रहा है। इसकी वजह यह है कि अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को तुरंत दवाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं। कई बार मरीजों को ऐसे इप्लांट लगाने की जरूरत पड़ती है जिनका आयुष्मान भारत योजना के तहत आपूर्ति के लिए अनुबंध नहीं नहीं किया जाता है। तीसरी दिक्कत है आती है कि आपूर्तिकर्ता समय पर सामग्री की आपूर्ति ही नहीं करता है। हड्डी के मरीज ही नहीं, सर्जरी और दूसरे विभाग में भी तरह की दिक्कत आ रही है। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि उनके पास ऐसी शिकायत नहीं आई है। अगर ऐसा है तो संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा।



फाईल फोटो

### जेपी में चार महीने से बंद है मेटरनिटी विंग की लिफ्ट

जेपी अस्पताल की मेटरनिटी विंग की लिफ्ट चार महीने से बंद पड़ी है। प्रसूताओं को दो मंजिल तक सीढ़ियों से आना-जाना पड़ रहा है। इसके पहले इमरजेंसी की लिफ्ट खराब थी, यह 2 महीने पहले ही सुधर पाई है। मेटरनिटी की लिफ्ट खराब होने की वजह से बच्चा वार्ड में जाने वाले मरीजों को भी दिक्कत हो रही है।

**केस- 1**

नर्मदापुरम के रहने वाले गोपाल को बाइक से गिरने की वजह से हमीदिया अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने यहां उनका ऑपरेशन किया। गोपाल ने बताया कि उनके करीब हजार रुपए लग गए हैं जबकि उनके पास आयुष्मान कार्ड भी है। उन्होंने बताया कि डॉ दवा या अन्य सामान लाने के लिए छोटी सी पर्ची देते हैं। चिकित्सकों का यही कहना होता है कि अस्पताल में दवाई नहीं है, इसलिए बाहर से लाना पड़ेगा।

**केस- 2**

सिलवानी के रहने वाले रामकुमार ने बताया कि गिरने की वजह से उनके हाथ पैर में फ्रैक्चर आया था। हमीदिया अस्पताल में पटेल वार्ड में उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि भर्ती होने से लेकर अब तक उनके करीब 8000 रुपए खर्च हो चुके हैं। गरीबी की वजह से वह निजी अस्पताल में इलाज कराने नहीं गए। उन्हें लगा कि आयुष्मान कार्ड से निशुल्क इलाज हो जाएगा, लेकिन सामान उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर डॉक्टरों ने करीब 8000 रुपए की दवाएं व अन्य सामग्री खरीदवाई।

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का 9वां दिन

# फिर चमके भारतीय पहलवान भारत की झोली में आए कुल 14 पदक







बर्मिंघम, एजेंसी। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का 9वां दिन भारतीय एथलीट्स के नाम रहा। भारत ने शनिवार को 4 गोल्ड, 3 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल के साथ कुल 14 पदक जीते। यह अब तक का भारत का सबसे शानदार दिन रहा है। 9वें दिन मेडल का खाता प्रियंका गोस्वामी ने महिलाओं की 10 हजार मीटर रेस वॉक में सिल्वर मेडल के साथ खोला। इसके बाद भारतीय एथलीट्स नहीं रुके। बॉक्सिंग से लेकर कुश्ती तक हर जगह भारतीय खिलाड़ियों ने तिरंगा लहराया। रवि दहिया, विनेश फोगाट, नवीन और भाविना पटेल ने भारत की झोली में पीला तमगा डाला, वहीं लॉन बॉल्स में भी भारत को दूसरा मेडल जीतने में सफल रहा। इन 14 पदकों के साथ भारत के कुल मेडल्स की संख्या 40 हो गई है। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत अब तक 13 गोल्ड, 11 सिल्वर और 16 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर चुका है।

कॉमनवेल्थ गेम्स के 9वें दिन भी कुश्ती में भारत के 6 पदक दांव पर थे और पहलवानों ने शत प्रतिशत रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए मेडल अपने नाम किए। शनिवार को रवि दहिया, विनेश फोगाट और नवीन ने गोल्ड जीता तो पूजा सिहाग, दीपक नेहरा और पूजा गहलोत के खाते में ब्रॉन्ज मेडल आया। वहीं चार मुक्केबाज, महिला क्रिकेट टीम, पुरुष हॉकी टीम और दो टेबल टेनिस युगल जोड़ियों ने फाइनल में पहुंचकर मेडल पक्का किया।

भारत को मेडल जिताने वाले खिलाड़ियों की सूची–

संकेत सरगर – सिल्वर मेडल, वेटलिफ्टिंग
गुरुराजा पुजारी – ब्रॉन्ज मेडल, वेटलिफ्टिंग
मीराबाई चान – गोल्ड मेडल, वेटलिफ्टिंग
बिंद्यारानी देवी – सिल्वर मेडल, वेटलिफ्टिंग
जेरेमी लालरिनुंगा – गोल्ड मेडल, वेटलिफ्टिंग
अचिंता शुली – गोल्ड मेडल, वेटलिफ्टिंग
सुशीला देवी – सिल्वर मेडल, जूडो
विजय कुमार यादव – ब्रॉन्ज मेडल, जूडो
हरजिंदर कौर – ब्रॉन्ज मेडल, वेटलिफ्टिंग
भारतीय महिला टीम – गोल्ड मेडल, लॉन बॉल्स
विकास ठाकुर – सिल्वर मेडल, वेटलिफ्टिंग
भारतीय पुरुष टीम – गोल्ड मेडल, टेबल टेनिस
भारतीय मिश्रित टीम – सिल्वर मेडल, बैडमिंटन
लवप्रीत सिंह – ब्रॉन्ज मेडल, वेटलिफ्टिंग
सौरव घोषाल – ब्रॉन्ज मेडल, स्क्वॉश
तूलिका मान – सिल्वर मेडल, जूडो
गुरदीप सिंह – ब्रॉन्ज मेडल, वेटलिफ्टिंग
तेजस्विन शंकर – ब्रॉन्ज मेडल, लॉन्ग जंप
मुरली श्रीशंकर – सिल्वर मेडल, लॉन्ग जंप
सुधीर – गोल्ड मेडल, पैरा पावरलिफ्टिंग
अंशु मलिक – सिल्वर मेडल, कुश्ती
बजरंग पुनिया – गोल्ड मेडल, कुश्ती
साक्षी मलिक – गोल्ड मेडल, कुश्ती
दीपक पुनिया – गोल्ड मेडल, कुश्ती
दिव्या काकरान – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
मोहित ग्रेवाल – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
प्रियंका गोस्वामी – सिल्वर मेडल, रेस वॉक
अविनाश सेबल – सिल्वर मेडल, स्टीपलचेज़
भारतीय पुरुष टीम – सिल्वर मेडल, लॉन बाउल
जैस्मीन लैंबोरिया – ब्रॉन्ज मेडल, बॉक्सिंग
पूजा गहलोत – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
रवि कुमार दहिया – गोल्ड मेडल, कुश्ती
विनेश फोगट – गोल्ड मेडल, कुश्ती
नवीन – गोल्ड मेडल, कुश्ती
पूजा सिहाग – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
मोहम्मद हुसामुद्दीन – ब्रॉन्ज मेडल, बॉक्सिंग
दीपक नेहरा – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
रोहित टोकस – ब्रॉन्ज मेडल, बॉक्सिंग
सोनलबेन पटेल – ब्रॉन्ज मेडल, पैरा टेबल टेनिस
भावना पटेल – गोल्ड मेडल, पैरा टेबल टेनिस

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास, पहली बार में ही ष्टङ्घत्व 2022 के फाइनल में बनाई जगह, गोल्ड मेडल के लिए ऑस्ट्रेलिया से होगी भिड़ंत

बर्मिंघम, एजेंसी। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पहली बार महिला क्रिकेट को शामिल किया गया और भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया। कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। रोमांचक मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को 4 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी के साथ टीम इंडिया ने एक पदक भी पक्का कर लिया है, जहां टीम गोल्ड या कम से कम सिल्वर मेडल अपने नाम करेगी।

फाइनल में अब भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा, जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से मात देकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। वहीं, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच ब्रॉन्ज मेडज मुकाबला खेला जाएगा। ब्रॉन्ज और गोल्ड मेडल के मुकाबले रविवार को ही खेले जाएंगे।

बर्मिंघम में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन बनाए थे, जिसमें स्मृति मंधाना की तूफानी 61 रन की पारी और जेमिमा रॉड्रिग्स की 44 रन की दमदार पारी शामिल थी। इसके बाद जब मेजबान टीम 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो टीम को अच्छी शुरुआत मिली। यहां तक कि आखिरी के कुछ ओवरों में भी इंग्लैंड की टीम जीतती हुई नजर आ रही थी। हालांकि, भारतीय टीम ने अच्छी फील्डिंग की और कुछ रन आउट के मौके भुनाए। यही कारण रहा कि इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 160 रन बना सकी और मुकाबला 4 रन से हार गई। इंग्लैंड की टीम के लिए कप्तान नताली स्कीवर ने 41 रन और डेनियल व्याट ने 35 रन बनाए। 19 रन की पारी सोफिया डंकली ने खेली। भारत की तरफ से 2 विकेट स्नेह राणा को मिले, जबकि एक सफलता दीप्ति शर्मा को मिली। भारत के लिए अच्छी बात ये रही कि जब-जब टीम को विकेट की तलाश थी तो रन आउट के रूप में इंग्लैंड का विकेट गिरा। 6 में से 3 विकेट रन आउट के तौर पर गिरे। यही इंग्लैंड की हार का सबसे बड़ा अंतर रहा। अब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से फाइनल में भिड़ना होगा।

## पैरा टेबल टेनिस :भाविना पटेल ने स्वर्ण, सोनलबेन ने कांस्य पदक जीता

बर्मिंघम,एजेंसी। भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने शनिवार को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल च्वर्ग 3-5ज में स्वर्ण जबकि सोनलबेन मनुभाई पटेल कांस्य पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता भाविना ने यहां फाइनल में नाईजीरिया की क्रिस्टियाना इकपेयोई को 12-10, 11-2, 11-9 से मात दी।

इससे पहले, चौतीस साल की सोनलबेन ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में इंग्लैंड की सू बेली को 11-5, 11-2, 11-3 से हराया। पुरुष एकल च्वर्ग 3-5ज के कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में हालांकि राज अरविंदन अलागर को नाइजीरिया के इसाउ ओगुनकुनले से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी को 3-11, 6-11, 9-11 से शिकस्त मिली।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम तीसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंची, सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से रौंदा

,बर्मिंघम,एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अपना शानदर प्रदर्शन जारी रखते हुए बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 (ष्टशद्वद्वशठ्ठ2द्गड्डद्यह्लद्ध त्तड्डद्वद्गह्य 2022) के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम तीसरी बार किसी कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंची है। फाइनल में अब भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारतीय टीम ने शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से मात दी। इस अहम सेमीफाइनल मुकाबले में हाफ टाइम तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली थी। भारत के लिए अभिषेक, मनदीप सिंह और जुगराज ने गोल दागे।तीसरी क्वार्टर में भारत को मैच का पांचवां पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय टीम इस मौके को गोल में तब्दील नहीं कर पाई। भारत के बाद साउथ अफ्रीका को भी मैच का दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे भारतीय टीम ने बेहतरीन तरीके से डिफेंस कर दिया। हालांकि इसके तुरंत बाद ही दक्षिण अफ्रीका ने अपना खाता खोल लिया। साउथ अफ्रीका के लिए यह गोल जूलियस ने किया। इस गोल के बाद साउथ अफ्रीका ने मुकाबले में 1-2 का स्कोर कर दिया। मैच में पहला गोल खाने के बाद भारतीय टीम दबाव में दिखने लगी। इसी क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने दक्षिण अफ्रीका के इस हमले को विफल कर दिया। इसके कुछ देर बाद ही विकेक सागर प्रसाद चोटिल हो गए। भारतीय टीम ने फिर अपना सातवां पीसी भी जाया कर दिया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से कुछ समय पहले ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिल गया, लेकिन इस बार भी साउथ अफ्रीकी गोलकीपर गोवान जोंस टीम के लिए दीवार बनकर ख? रहे। इस बीच, कप्तान मनप्रीत सिंह को ग्रीन कार्ड थमा दिया गया। लेकिन तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से एक मिनट पहले वह अंदर आ गए। इसके बाद भारतीय टीम तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक 2-1 से आगे थी।



## रोहित शर्मा का कमाल

### पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद नहीं हारे एक भी सीरीज; पाकिस्तानी कप्तान की भी करी बराबरी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने शनिवार रात फ्लोरिडा में खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को पटखनी दी। इस जीत के साथ भारत ने 5 मैच की टी20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। रोहित शर्मा ने जब से पूर्ण रूप से भारतीय टीम की कमान संभाली है तब से टीम इंडिया एक भी टी20 सीरीज नहीं हारी है। हिटमैन की अगुवाई में भारत की यह लगातार 8वीं सीरीज जीत है। वहीं बतौर कप्तान शुरुआती 35 मैचों में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने के मामले में रोहित ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद की भी बराबरी कर ली है। 35 मैचों में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने का रिकॉर्ड इससे पहले सरफराज अहमद के नाम था। इस पाकिस्तानी कप्तान ने अपने करियर की शुरुआत में पाक को 35 में से 29 मुकाबले जीताए थे, अब रोहित शर्मा ने भी टीम इंडिया को इतने मुकाबले जीताकर सरफराज की बराबरी कर ली है। पूर्ण रूप से कप्तानी संभालने के बाद रोहित शर्मा के विनिंग प्रतिशत की बात करें तो वह 82.85 का है। रोहित की कप्तानी में भारत ने सिर्फ तीन ही मुकाबले हारे हैं। इनमें से 1-1 मुकाबला टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में हारा, वहीं एक मैच विंडीज के खिलाफ इस सीरीज में गंवाया। हिटमैन की कप्तानी में भारत ने लगातार 5 सीरीज में विपक्षी टीमों का सूपड़ा साफ किया है।

#### भारत के लिए पूर्णकालिक कप्तान के रूप में रोहित शर्मा

- टी20 में न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया
- वनडे में वेस्टइंडीज को 3-0 से हराया
- टी20 में वेस्टइंडीज को 3-0 से हराया
- टी20 में श्रीलंका को 3-0 से हराया
- टेस्ट में श्रीलंका को 2-0 से हराया
- टी20 में इंग्लैंड को 2-1 से हराया
- वनडे में इंग्लैंड को 2-1 से हराया
- टी20 में वेस्टइंडीज को 3-1* से हराया

बात चौथे टी20 की करें तो टीम इंडिया ने मेजबानों को 59 रनों से रौंदा। भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 19.1 ओवर में 132 पर रोक दिया था। भारत की तरफ से आवेश खान, अक्षर पटेल और रवि बश्निोई ने दो-दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह 12 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

## सुष्मिता सेन ने समंदर में एंजॉय की स्विमिंग



**मुंबई,एजेंसी। जब से बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के रिलेशनशिप की खबरें आई हैं तब से ही वे चर्चा में बनी हुई हैं। जैसा की सभी जानते हैं कुछ समय पहले ही आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अपने और सुष्मिता सेन के रिलेशनशिप का ऐलान किया था। इसके बाद से ही सुष्मिता को लेकर की सारी खबरें आईं। पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे अपने फैंस को अपनी लाइफ के अपडेट देती रहती हैं। एक्ट्रेस अपनी फोटो वीडियोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही में सुष्मिता ने अपना स्विमिंग करते हुए एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वे समंदर में डुबकी लगाते हुए नजर आ रही हैं।**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे समंदर में डुबकी लगा रही हैं। अपनी स्विमिंग की ये वीडियो शेयर करते हुए सुष्मिता ने एक खास कैप्शन भी लिखा है उन्होंने लिखा कि च्सीधे हो जाओ थोड़ा रुकिए, सांस लीजिए और चीजों को जाने दीजिए। अपने आप को सरेंडर कर दो और उससे सीख लो। जिस तरह से मैंने इस समंदर का मजा लिया। इस वीडियो को काफी खूबसूरती से मेरे दोस्त ने बनाया है। जिंदगी में जहां गहराई है मैं वहां हमेशा ही उसके लिए तैयार रहती हूं। मैं आप सभी से बहुत प्यार करती हूं।

### एक्ट्रेस ने शेयर किया वीडियो

सुष्मिता का स्विमिंग करते हुए वीडियो एक्ट्रेस के फैंस को काफी पसंद आ रहा है। सुष्मिता के इस अंदाज से फैंस काफी इंप्रेस हो रहे हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि सुष्मिता सेन एक यॉट पर हैं। साथ ही स्विमिंग करने के लिए उन्होंने अपने मुंह पर एक ब्रीदिंग मास्क भी लगाया हुआ है। सुष्मिता ने ब्लैक स्पेगेटी के साथ एक व्हाइट स्कर्ट पहनी हुई है। वीडियो में वे यॉट के किनारे पर जाकर समंदर में छलांग लगाती हुई दिखाई दे रही हैं। इसके बाद वे स्विमिंग करती हैं। सुष्मिता के इस वीडियो को उनके किसी दोस्त ने बनाया है।



## रक्षा बंधन को सेंसर से मिला यू सर्टिफिकेट

**5 साल बाद ये सर्टिफिकेट पाने वाली बॉलीवुड फिल्म, 2017 में हिंदी मीडियम को मिला था**

**मुंबई, एजेंसी।** 11 अगस्त को रिलीज होने वाली अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन को सेंसर बोर्ड ने यू सर्टिफिकेट दिया है। यह सर्टिफिकेट उन फिल्मों को दिया जाता है जिसे परिवार बिना किसी झिझक के एक साथ बैठकर देख सकता है। ये सर्टिफिकेट उन फिल्मों को दिया जाता है जिसमें किसी तरह के बोल्ड सीन या गाली-गलौज नहीं होते हैं। इससे पहले बॉलीवुड की 2017 में आई फिल्म हिंदी मीडियम को सर्टिफिकेट मिला था। आमतौर पर बॉलीवुड फिल्मों को सेंसर से / सर्टिफिकेट मिलता है। रक्षाबंधन के साथ रिलीज होने जा रही आमिर खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म लाल सिंह चड्ढा को भी / सर्टिफिकेट ही मिला है।

## लाल सिंह चड्ढा को बॉयकॉट करने की मांग पर कंगना रनौत का रिएक्शन

**मुंबई,एजेंसी।** आमिर खान की अपकमिंग फिल्म च्लाल सिंह चड्ढा जल्द ही रिलीज होने वाली है। आमिर की फिल्में जब भी रिलीज होती है उससे पहले हमेशा कॉन्ट्रोवर्सी होती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा को बॉयकॉट करने की मांग हो रही है। इस पर अब आमिर खान और करीना कपूर का रिएक्शन आ गया है। आमिर ने कहा है कि च्वे काफी दुखी हैं। लोग सोचते हैं कि मैं भारत को पसंद नहीं करता हूं। लेकिन ऐसा नहीं है। मैं भारत को बहुत पसंद करता हूं। लोगों को मुझे लेकर अपनी ये सोच बदलनी चाहिए। अब इन सब कंगना रनौत का भी रिएक्शन आ चुका है।

बता दें कि लाल सिंह चड्ढा को लेकर चल रहे विवाद में कंगना ने भी अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर कर लिखा है कि च्मुझे लगता है कि लाल सिंह चड्ढा को लेकर जो भी नेगेटिविटी चल रही है उसके पीछे मास्टरमाइंड आमिर खान जी खुद हैं। इस साल कोई भी हिंदी फिल्म नहीं चली है। सिर्फ कॉमेडी सीक्वल और साउथ फिल्में जिनमें भारतीय कल्चर को दिखाया गया है या जिसमें लोकल फ्लेवर है। एक हॉलीवुड फिल्म का रीमेक नहीं चलता। लेकिन अब वे भारत को उतावला कहेंगे। इसके आगे कंगना ने लिखा कि च्हिंदी फिल्मों को दर्शकों की नब्ज को समझना होगा। यहां बात हिंदू और मुस्लिम की नहीं है। आमिर खान जी ने हिंदूफोबिक पीके बनाई और भारत को असहिष्णु देश बताया।



और इसके जरिए अपनी लाइफ की सबसे बड़ी फिल्म दी। प्लीज इसे धर्म या विचारधारा से जोड़कर बताना बंद करें। यह उनकी खराब फिल्मों और खराब एक्टिंग से अलग बात है।च्छोटे शहर वालों को वहीं से आए लोग नहीं देंगे मौका तो फिर कौन देगा,फिल्म च्जनहित में जारीज के बाद लेखक, निर्माता, निर्देशक राज शांडिल्य की बनाई एक वेब सीरीज च्द ग्रेट वेडिंग्स ऑफ मुन्नेसज वूट सेलेक्ट पर रिलीज हुई है। इस बार उन्होंने निर्देशन की जिम्मेदारी सुनील सुब्रमणि को दी है। च्ड्रीम गर्लज के बाद राज शांडिल्य ने किसी भी फिल्म का निर्देशन नहीं किया है। ऐसी चर्चा रही है कि च्ड्रीम गर्लज की प्रोड्यूसर एकता कपूर के साथ करार में बंधे रहने की वजह से राज किसी दूसरे निर्माता की या अपनी ही कंपनी की कोई दूसरी फिल्म निर्देशित नहीं कर पा रहे है। वरुण धवन को लेकर च्मस्काराज, सोनू सूद को लेकर चकिसानज और बुजुर्ग धावक फौजा सिंह की बायोपिक बनाने का एलान भी राज कर चुके हैं। 'अमर उजाला' से इस खास बातचीत में राज शांडिल्य ने अपनी नई वेब सीरीज और फिल्मों को लेकर उठ रहे सवालों के बेबाकी से जवाब दिए।

### नई प्रतिभाओं को मौका देना जरूरी

टेलीविजन पर कॉमेडी शोज लिखकर सुर्खियों में आए लेखक राज शांडिल्य जब से निर्माता बने हैं, लगातार फिल्में और वेब सीरीज बना रहे हैं। बतौर निर्माता राज ने च्जनहित में जारीज के निर्देशन की कमान जय बसंतू सिंह को दी और अब च्द ग्रेट वेडिंग्स ऑफ मुन्नेसज के निर्देशन की कमान सुनील सब्रमणि को। राज शांडिल्य कहते हैं, च्मेरी हमेशा यही कोशिश रहती है कि नई प्रतिभाओं को इंडस्ट्री में लेकर आऊं। अगर मैं ऐसा कर सकता हूं और मेरे पास साधन है तो मुझे ऐसा करना ही चाहिए। मुंबई में तमाम छोटे छोटे शहरों के युवा अपने सपने पूरे करने आते हैं। मैं जब पहली बार मुंबई आया तो मेरे भी ऐसे ही अरमान थे। नए कलाकारों और तकनीशियनों को मौका मिलने से ही सिनेमा में नई सोच सामने आती है। और, इन लोगों को हम लोग ही मौका नहीं देंगे तो फिर कौन देगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा को लिया आड़े हाथ

# पैसों से वोट खरीद सकते हैं लेकिन आत्मा नहीं : कमलनाथ

**जबलपुर यशभारत। महापौर शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर आए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनथ ने भाजपा सरकार पर पुलिस व प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है ।**

उन्होंने कहा है कि जिला पंचायत जनपद पंचायत और नगर परिषद के अध्यक्षों इस चुनाव में भाजपा द्वारा जमकर शासन और प्रशासन का दुरुपयोग किया जा रहा है साथ ही पैसों के दम पर चुनावों को प्रभावित किया जा रहा है । लेकिन वह पैसों से वोट तो खरीद सकते हैं लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं की आत्मा नहीं खरीद सकते। उन्होंने यह बात रविवार को जबलपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को



भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह एक लाख रोजगार की बात करते हैं और प्रदेश में 70000 पद खाली पड़े हैं जिसको लेकर वे कोई भी काम नहीं कर रहे।

### अधिकारियों पर करेंगे कार्रवाई

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि 14 महीने के बाद उन सभी अधिकारियों की जांच की जाएगी जिन्होंने अपने पद और शक्तियों का दुरुपयोग किया है । यह बदले लेने की कार्यवाही नहीं होगी नियम अनुसार जांच करवा कर दोषी पाए जाने पर एक सिस्टम के तहत उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा नौटंकी कर रही है

वहीं भाजपा कांग्रेस के अलग अलग हो रहे शपथ ग्रहण के सवाल पर उन्होंने इससे भाजपा की नौटंकी करार दिया और कहा कि यदि उन्हें मेरे आने से दिक्कत है तो मुझे भी उनके ना आने से खुशी हो रही है । साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस के पाले से हुए 2 वोटों के रिजेक्शन के विषय में उन्होंने जांच की बात कही।



# शपथ के पहले चाय पर चर्चा

**जबलपुर, यशभारत।** नवनिर्वाचित महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने वेटरनरी शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर पत्नी यामिनी सिंह, पुत्र जयदित्त के साथ अधिवक्ता वरूण तन्खा, पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर, यशभारत के संस्थापक अशीष शुक्ला, कांग्रेस नेता सौरभ नाटी शर्मा के साथ चाय पर चर्चा की। महापौर ने इस दौरान सभी अतिथियों से शहर विकास के मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। अतिथियों ने शहर से जुड़ी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। किस तरह से जबलपुर को महानगर बनाया जाए इसको लेकर भी चाय पर चर्चा करने पहुंचे अतिथियों ने महापौर से चर्चा की।

## शनिवार को जबलपुर कोलकाता उड़ान में विलंब

# स्पाइसजेट की लेट लतीफी से फिर हुए यात्री परेशान

**जबलपुर यश भारत।** स्पाइसजेट की लेट लतीफी का यात्रियों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है दरअसल आज शनिवार को जबलपुर से कोलकाता जाने वाली स्पाइसजेट प्लेन को शाम 7 बजे जबलपुर लैंडिंग करनी थी लेकिन तकनीकी खामियों के कारण प्लेन रात 11:00 बज 20 मिनट में जबलपुर पहुंची सवार यात्रियों को लेटलतीफी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा इधर जबलपुर से कोलकाता जाने वाले यात्री लंबे समय तक प्लेन का इंतजार करते रहे मालूम हो कि इससे पहले भी स्पाइस जेट प्लेन लेटलतीफी के कारण यात्रियों को परेशान कर चुका है/ बताया जा रहा है जी जबलपुर कोलकाता प्लेन को शाम 7:00 बजे डुमना एयरपोर्ट पर लैंडिंग करनी थी और ठीक 7:30 बजे जबलपुर से कोलकाता के लिए उड़ान भरनी थी




**पांचवी पुण्यतिथि**

**स्व. शैलेन्द्र सिंह राजपूत**

07-08-2021

लोग कहते है किसी एक के जाने से हमारी जिन्दगी रूक नहीं जाती... लेकिन यह कोई नहीं जानता कि लाखों मिल जाने से भी उस एक की कमी पूरी नहीं होती।

आपकी पांचवी पुण्यतिथि पर हम सभी श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।


**शोकाकुल परिवार**

पुत्र- पार्थ सिंह एवं राजपूत परिवार
राजपूत ढाबा कुसली, ग्राम कुसली, कटंगी
मो. 9981271111, 6260722320














स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

### गन फॉर ग्लोरी में वीरांगना सप्ताह 9 अगस्त से

**जबलपुर,यशभारत।** हिंदी की सुप्रसिद्ध कवयित्री और लेखिका सुभद्रा कुमारी चौहान के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गन फॉर ग्लोरी द्वारा महिला सशक्तिकरण को ब?ावा देने के लिए संस्कारधानी की कन्याओं / महिलाओं के शौर्य को जाग्रत करने हेतु 9 से 16 अगस्त तक वीरांगना सप्ताह च्मनाया जा रहा है. समस्त महिलाएं/ महिला क्लब /छात्राएं / वरिष्ठ महिलाएं गन फॉर ग्लोरी ,2 तल 1007 नेपियर टाउन ( क्रिश्चियन हाई –स्कूल 4 सीजंस के बाजु 8में सादर आमंत्रित हैं , सप्ताह भर प्रातः 11 से 6 बजे तक उन्हें फ्री राइफल ट्रायल का अवसर अनुभवी प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रदान किया जायेगा। ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन करने वाली महिलाओं /युवतियों को गन फॉर ग्लोरी के द्वारा एक हफ्ते के इन्डक्शन प्रोग्राम में स्कालरशिप दी जाएगी।

# खेलकूद में खेल भावना का होना नितांत आवश्यक है : डॉ पी के बिसेन

## 34 वी डॉ.आर एल कौशल मेमोरियल टूर्नामेंट का शानदार समापन।

## बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में मिस्टर जेएनकेवीवी प्रियांशु कनौजिया एवं पावर लिफ्टिंग में मिस्टर स्ट्रांगमैन जेएनकेवीवी पंकज पाटीदार बने



**जबलपुर,यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ अमित शर्मा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय *34 वी डॉ.आर एल कौशल मेमोरियल टूर्नामेंट* का शानदार समापन हुआ , इस दौरान समापन अवसर पर विश्वविद्यालय की परम आदरणीय कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार बिसेन जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ , आपने टूर्नामेंट में भाग लिए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ विश्वविद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियो एवं कृषि नगर वासी बच्चों द्वारा उत्साह के साथ टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की.. समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर धीरेंद्र खरे अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉक्टर अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉक्टर के कोतू, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ दिनकर शर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ ए के सरावगी, कुलसचिव श्री रेवा सिंह सिसोदिया, विभागाध्यक्ष डॉ एसके पांडे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ अमित शर्मा, विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही तीन दिवसीय खेलकूद टूर्नामेंट में बैडमिंटन में कृषि नगर वासी संभवी , सूर्य प्रताप सिंह विजेता रहे एवं उपविजेता शुभ सिंह , बैडमिंटन स्टाफ टीम में विजेता डॉ वैंकेटस्वर विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार गर्ल्स कबड्डी टीम द्वारा मैच खेला गया इसमें बीएससी एग्रीकल्चर सेकंड ईयर विजेता के साथ ही बी टेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग फर्स्ट ईयर की छात्राएं उपविजेता रही , कबड्डी छात्रों की टीम ने एमएससी प्रीवियस की टीम विजेता एवं बीएससी एग्रीकल्चर फर्स्ट ईयर की टीम उपविजेता रही, बैडमिंटन विद्यार्थियों की टीम में प्रयाग गर्ग विजेता एवं अजीत धाकड़ उपविजेता रहे, टेबल टेनिस वॉइस में अनिल कटारे विजेता एवं वीरेंद्र चौहान उपविजेता, बैडमिंटन गर्ल्स दर्शना दिव्यानी विजेता एवं श्रुति कोल उपविजेता रही, प्रथम बार पावर लिफ्टिंग एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में मिस्टर जेएनकेवीवी प्रियांशु कनौजिया एवं पावर लिफ्टिंग में मिस्टर स्ट्रांगमैन जेएनकेवीवी पंकज पाटीदार रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ अमित शर्मा एवं आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर डॉक्टर ए के सरावगी द्वारा किया गया टूर्नामेंट को सफल बनाने में खेलकूद अधिकारी डॉ आशीष कुमार निगम डॉ धर्मेंद्र सिंह नरवरिया एवं नंद प्रकाश का उल्लेखनीय योगदान रहा ।

# पुलिस का भी काम, हर घर तिरंगा फहरे, अपराधों पर भी नजर रखना है

## आईजी का कटनी, सिवनी, जबलपुर और छिंदवाड़ा दौरा



**जबलपुर, यशभारत।** आईजी उमेश कुमार जोगा ने कटनी, सिवनी, जबलपुर और छिंदबाड़ा का दौरा किया। आईजी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षकों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि हर घर तिरंगा अभियान शुरु हो रहा है,इसमें पुलिस की सहभागिता भी अत्यंत जरुरी है। साथ ही त्यौहारों में सुरक्षा व्यवस्था पैनी रहे, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। जोन के एडीजी एवं डीआईजी द्वारा जिला कटनी में पुलिस अधीक्षक कटनी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों की ली बैठक, आगामी त्यौहारों के परिपेक्ष्य में कानून व्यवस्था स्थिति की समीक्षा, हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा, डी.जी.पी. के निर्देशों के अनुरूप पुलिस अधिकारियों एवं बल को क्षेत्र में पैदल भ्रमण करने के दिये निर्देश, माननीय उच्च न्यायालय में पूर्ण विवेचना सहित केस डायरी प्रस्तुत करने के निर्देश, बीट सिस्टम की समीक्षा, लंबित अपराधों के निराकरण एवं वारंट तामीली के दिये निर्देश, सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों का निराकरण करने हेतु निर्देश दिए गए। जानकारी अनुसार उमेश जोगा, अमनि/पुमनि जबलपुर जोन के द्वारा आर.आर.एस. परिहार, उप पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर रेंज, जबलपुर के साथ जिला कटनी पहुॅचकर सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक कटनी, अति. पुलिस अधीक्षक, अनु.अधि.पु. एवं समस्त थाना प्रभारियों की बैठक ली गई। इसके साथ ही सिवनी में रामजी श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक, सहित जबलपुर और छिंदबाड़ा में बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी त्यौहार मोहर्रम, रक्षा बंधन, जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, आयोजनों, जलसे, जुलूस इत्यादि के संबंध मे समीक्षा कर कानून व्यवस्था स्थिति बनाये रखने हेतु आवश्यक कायज़्वाही करने के निर्देश दिये गये। त्यौहारों पर निकलने वाले जूलूस के मागज़ की पूर्व से जानकारी प्राप्त कर उन पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था लगाये जाने हेतु निदेज़्शित किया गया। आगामी त्यौहार पर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रत्येक थाना क्षेत्र मे शांति समिति, नगर रक्षा समिति के सदस्यों, धार्मिक गुरूओं, व्यापारियों एवं क्षेत्र के नागरिको के साथ बैठक कर वहॉ उत्पन्न होने वाली समस्याओं एवं उनके निदान के संबंध मे बैठक करने के निदेज़्श दिये गये। त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सोशल मीडिया मे वायरल होने वाले मैसेजो पर नजर रखने के निर्देश दिये गये। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगाअभियान के संबंध में 11 से 17 अगस्त 2022 तक प्रतिदिन किये जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की गई, जिसकी समीक्षा की जाकर सभी को अभियान में शासन एवं पुलिस महानिदेशक, म.प्र. के निर्देशानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस महानिदेशक, म.प्र. के निर्देशानुसार जनसामान्य में सामान्य सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु सभी मैदानी अधिकारियों को क्षेत्र में अधिक से अधिक बल के साथ व्यस्त एवं संवेदनशील क्षेत्र में पैदल गश्त, भ्रमण करने एवं क्षेत्र की जनता से संवाद कर वहॉ की समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उनके तत्काल निराकरण करने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा केस डायरी अथवा विवेचक/थाना प्रभारी को बुलाये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया कि ऐसी स्थिति में संबंधित पुलिस अधिकारी पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में जानकारी लाकर माननीय न्यायालय में उपस्थित हो, जिससे पुलिस अधीक्षक संबंधित प्रकरण की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु तत्काल निर्देश जारी कर, तामीली कराया जाना सुनिश्चित कर सके। चिन्हित अपराधों की समीक्षा करने पर वर्ष 2022 मे कटनी में कुल 12 निर्णय मे से सजा–8, बरी–4 (सजायाबी का प्रतिशत–66.7) होना पाया गया। यातायात व्यवस्था को सुधारने यातायात दुघज़्टना वाले स्थानों को चिन्हित कर ओवर लोडिंग, तेज गति, नशे मे वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



# आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत घर–घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ



**जबलपुर यशभारत।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत घर–घर तिरंगा अभियान के तहत पंडित राम शंकर बन्नी लाल पाठक शासकीय महाविद्यालय बरेला में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के साथ छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता दी साथ ही पोस्टर के माध्यम से तिरंगे का महत्व और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजेश कुमार जुगल किशोर मेवारी एनएसएस प्रभारी भगत सिंह उईके श्रीमती इंदिरा रश्मि हाज डॉक्टर महिमा तिवारी श्री कमलेश प्रसाद डेहरिया एनसीसी प्रभारी डॉ हरिओम शुक्ला हरिकिशन को के विनय धर , रोशनी दुबे , पवन कुमार , अरविंद उपस्थित रहे।

## खुदकुशी करने गई महिला का ट्रेन से पंजा कटा

**जबलपुर यश भारत।** बीती रात ओमती थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुल नंबर 3 के ऊपर रेलवे लाइन में सहित 25 वर्ष की महिला खुदकुशी करने के लिए गई हुई थी जिससे उसका दाहिने पैर का पंजा ट्रेन से कट गया इस



घटना की सूचना लोगों को मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई घायल महिला को तड़पते देख मौजूद लोगों द्वारा ओमती 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई सूचना के आधार पर एंबुलेंस पायलट विजय सिंह एवं ईएमटी हरीश एंबुलेंस लेकर पहुंचे और घायल महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे गंभीर हालत में मेडिकल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया सूत्रों ने बताया कि घायल महिला का आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बनी रहती थी जिसके कारण हुआ है खुदकुशी करने के लिए रेलवे लाइन पहुंची जहां पर ट्रेन को आते देख वह रेलवे लाइन से दूर होने लगी इसी दौरान उसका एक पैर रेलवे लाइन में फंस गया जिससे दाहिना पंजा कटकर अलग हो गया।

## सड़क दुर्घटना में घायल महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम

**जबलपुर यश भारत।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलखरवा निवासी मां बेटा स्कूटी वाहन में सवार होकर जबलपुर की ओर जा रहे थे इसी दौरान बेहदन ब्रिज के पास किसी अज्ञात वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे मां बेटे उछलकर दूर जा गिरे इस दुर्घटना की खबर किसी ने 108 एंबुलेंस को दी जिसके बाद दोनों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल लाया गया जहां पर उपचार के दोनों 45 वर्षीय महिला ने दम तोड़ दिया वही उसका पुत्र अभिषेक शर्मा को भी इस दुर्घटना में चोटे आई हैं पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस दुर्घटना के संबंध में भेड़ाघाट पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिलखरवा ग्राम की रहने वाली 45 वर्षीय स्नेह लता शर्मा पति नर्मदा प्रसाद शर्मा एवं अभिषेक शर्मा स्कूटी वाहन में सवार होकर घर से जबलपुर की ओर जा रहे थे यह दोनों जैसे ही वह दिन ब्रिज के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात वाहन चालक नहीं वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार को जबरदस्त टक्कर मार दी इस दुर्घटना में स्नेह लता शर्मा को गंभीर रूप से चोट हैं वही उनके पुत्र अभिषेक शर्मा भी घायल हो गया जिन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से मेडिकल में लाकर भर्ती कराया गया जहां पर स्नेह लता शर्मा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

## चैन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध 8 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल में रेल सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण चैन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध समय–समय पर अभियान चलाया जाता है इसी श्रृंखला में मण्डल रेल प्रबधक जबलपुर संजय विश्वास के मार्ग दर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) जबलपुर द्वारा जबलपुर मण्डल के अलग–अलग स्टेशनों पर बिना उचित कारण चैन पुलिंग करने वाले व्यक्तियों/ यात्रियों पर कठोर कार्यवाही करने हेतु 42 विशेष टीमों का गठन किया गया एवं सभी आरपीएफ पोस्ट प्रभारियों को रेलवे स्टेशनों, सेक्शन मे बिना उचित कारण चैन पुलिंग करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## शिव स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं सर्वोच्च सत्ता है ब्र. चैतन्यानंद

**जबलपुर,यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में शिव महापुराण के पंचम दिवस में 21000 पार्थिव शिवलिंग निर्माण उनका दुग्धाभिषेक तथा आरती हुई कथा में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि सावन में शिव पुराण का पाठ करने से उसका फल बहुत ही सुखदायी होता है।शिव – जो स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं सर्वोच्च सत्ता है विश्व चेतना हैं और ब्रह्माण्डीय अस्तित्व के आधार हैं सभी पुराणों में शिव पुराण को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होने का दर्जा प्राप्त है इसमें भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, भक्तों और भक्ति का विशद् वर्णन किया गया है शिव पुराण में शिव – जो स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं, सर्वोच्च सत्ता है, विश्व चेतना हैं और ब्रह्माण्डीय अस्तित्व के आधार हैं। सभी पुराणों में शिव पुराण को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होने का दर्जा प्राप्त है इसमें भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, भक्तों और भक्ति का विशद् वर्णन किया गया है यह पुराण कलियुग में मनुष्यों के हित का परम साधन है शिव पुराण के पूर्व हिंडोला महापूजा एवं मुद्रा सिक्के से अर्चन किया तत्पश्चात महाआरती हुई आज शिवमहापुराण में अभिलाष पांडे कुंडल राव बीके पटेल प्रकाश द्विवेदी गौरीशंकर तिवारी अशोक गुप्ता बृजेश दुबे एवं मनीष पांडे आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में होगी क्रॉस कंट्री



**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर मास्टर एथलीट एसोसिएशन के जिला सचिव एवं मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की जबलपुर संस्कारधानी में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक बैठक संपन्न हुई है जिसमें यह सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि आगामी14 अगस्त को एक क्रॉस कंट्री कराई जाएगी, जिसमें –20से 60 वर्ष आयु तक के पुरुष एवं महिला (सिविलियन) भाग ले सकते हैं । संघ के रॉबर्ट मार्टिन, जीवन लाल रजक ,राममूर्ति अन्ना, ए.एल .उस्मानी, स्टनली नार्बट ,धनराज पिल्ले, दिलीप सिंह ठाकुर ,राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे ,सुधीर अवधिया,दिनेश गौड़, सुरेश पासी ,क्रिस्टोफर नरोन्हा, मदन ठाकरे ,जितेंद्र रजक, मोहित रजक ,राजकुमार यादव, कुलदीप सिंह, तेजभान सिंह, जुगनू ,श्रीमती भगवती ठाकुर आदि बैठक में उपस्थित रहे।

## स्नेही निकेतन के बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन





**जबलपुर, यशभारत।** उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा स्नेही निकेतन में जाकर बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया जिसमें उनके लिए फल मिठाई गिफ्ट बॉटल हेयर बैंड का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उड़ान के सदस्यों के द्वारा सभी बच्चियों से राखी बंधवाई गई एवं उन्हें उपहार प्रदान किए गए। बच्चों ने बहुत ही खुशी मन से संस्था की सभी महिलाओं एवं पुरुषों को राखी बांधी एवं सभी ने बच्चों की रक्षा एवं उनकी खुशियों की जिम्मेदारी ली । जहां पर बच्चों को तिरंगे का महत्व एवं रक्षाबंधन का त्यौहार किस लिए मनाया जाता है इसके बारे में भी जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में संजय खत्री , अर्चना खत्री , उमेश कटारे ,पियूष गुप्ता ,जी टी आर सनोदिया, एसएन दुबे ,सुनील नामदेव ,सविता दुबे , प्रवीण गुप्ता ,रितेश गुप्ता , सुधा गुप्ता सरोज गुप्ता , अमि खरे अमित गुप्ता कटनी सौरभ श्रीवास्तव एवं संस्था की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता का सहयोग प्राप्त हुआ।

## पनागर में पंचकल्याण महोत्सव प्रारंभ हुआ

**पनागर।** संत सिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्य सागरजी महाराज और मुनि श्रीचंद्रसागर जी महाराज का पावन वर्षा योग चर्तरमास पनागर में चल रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन प्रतिदिन चल रहे है। मुनि श्री प्रणम्यसागर जी महाराज द्वारा प्रतिदिन प्रातः काल 8ः30 से श्री शांति कथा का आयोजन चल रहा है जिसमें आज शांतिनाथ भगवान का गर्म कल्याण महोत्सव मनाया गया पनागर के श्री संजय गोपाल और श्रीमति साधना गोपाल को भगवान के माता–पिता बनने का तथा प्रवीन भारती मोदी, संदीप मोदी, स्वाति मोदी को कुबेर इन्द्र बनने का सौभाग्य मिला। गर्म कल्याण के दौरान माता के भगवान के जन्म के पूर्व आने वाले सौलह स्वरो का बहुत ही सुन्दर नाटकीय मंचन किया गया। कल भगवान का जन्म कल्याण महोत्सव बढी धूमधाम से बनाया गया। पंच कल्याण महोत्सव का आयोजन होने से शहर का माहोल धर्ममय बना हुआ है। समाज के सभी वर्गों के लोग बहुत ही उत्साह के साथ चर्तुरमास और पंचकल्याण महोत्सव का आनंद ले रहे है। कार्यक्रम में मुनिश्री के संघस्थ ब्र0संजय भैया, ब्र0मधुर भैया, ब्र0चंद्र प्रकाश भैया, ब्र0विक्रम भैया, ब्र0संजय भैया, ब्र0 अमन भैया, तथा नगर के ब्र पप्पू भैया, पवन भैया डॉ0 अशीष मैया, ब्रहनी मैया, तथा सचिन भैया आदि उपस्थित थे।

# कैलवास प्राचार्य ,शिक्षकों को धमकी

## वे –खोप घूम रहा अपराधी

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के योगेंद दुबे, जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि छेदी लाल उसरेटे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवास के प्राचार्य एवं शिक्षकों को असमाजिक तत्व पूरन लाल रजक फर्जी वीडियो बनाकर सोसल मीडिया में डालने और विज्ञापन ना देने के नाम पर बदनाम करने वाली बड़े छापने के धमकी दे रहा है। शिकायतों के पश्चात भी बे– खौफ घूम रहा है। 28 जुलाई को थाना प्रभारी बरेला के नाम शिकाय पत्र चौकी प्रभारी को सौंपा गया है जिसमे सुरक्षा की मांग की गई है। पूर्व में स्कूल की झूठी वीडियो बना कर पब्लिक एप में डालकर पैसे की मांग की पैसा न मिलने पर सहयोगी मीडिया कर्मियों के माध्यम से खबर चला कर विद्यालय के निर्दोष शिक्षकों पर कार्यवाही करा चुका है । खौफजदा व पुलिस कार्यवाही की लेटलतीफी की वजह से प्राचार्य, शिक्षकों ने भयभीत हो पूर्व सरपंच की उपस्थित में लिखित में गलती मानने पर मांफी देनी पडीं। समाचार पत्र में खबर निकलवाने की धमकी देकर त्योहारों के पहले विज्ञापन के नाम पर सभी विभागों से पैसे बसूल करता है। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिस में शिकायत की है। मध्यप्रदेशअधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे, जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, सतीश उपाध्याय,विश्वदीप पटेरिया, नरेश शुक्ला,संतोष मिश्रा, राजेन्द्र तेकाम ,संजय गुजराल, रविकांत दहायत, प्रसांत सोंधिया, यू एस करोसिया, देव दोनेरिया, एस के बांदिल, प्रदीप पटेल,धीरेन्द्र सिंह,मुकेश मरकाम, रजनीश पांडेय, नरेंद्र सेन, रवि बांगड़ ने दोसी पूरन रजक पिता गणपत के विरुद्ध सौंपे गए शिकायती पत्र की बिंदुवार जांच कर कार्यवाही की माँग की है।

# 600 लोगों ने लगवाया बूस्टर डोज



**जबलपुर यशभारत।** मध्य प्रदेश शिव नगर शाखा मनोरमा संभाग द्वारा बूस्टर डोज शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 600 लोगों को वैक्सीन डोज लगाई गई । कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष श्रीमति सविता जैन , सचिव श्रीमती अमिता जैन , कोषाध्यक्ष श्रीमती तारा जैन , सह सचिव श्रीमती रानी सराफ , ने मंगलाचरण से शुरुआत की। अभिषेक जैन ( मोनू ) , की संयोजन में डॉ दहिया , और उनकी टीम ने वैक्सीनेशन पूरे दिन चला इस शिविर में श्रीमती आभा जैन , सुनीता जैन , सरिता जैन , श्वेता , सरोज मंगलाहट , सरिका , सगीत , सुनीता ( बेबी ) , अदि सदस्यों का योगदान रहा । मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा अग्रसेन वार्ड से कमलेश अग्रवाल , भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड से पूर्व पार्षद श्री अमित जैन जी , जयप्रकाश नारायण वार्ड श्री अतुल जैन ( दानी ) जी , अशीष श्रीवास्तव उपस्थित रहे । शिवनगर मंदिर समिति से अध्यक्ष श्री सुनील चौधरी ( मुन्नू ) , मुकेश जैन आकृति , दिलीप जैन सन्मति , कमल जैन , राजेश सिँघई , मंटी जैन , का सहयोग प्राप्त हुआ ।

# नवनिर्वाचित जिला उपाध्यक्ष विवेक पटेल ने निकाली जन आभार रैली

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, राजेश पटेल एवं नवनिर्वाचित जिला और जनपद सदस्य रहे शामिल



**बेलखाडू ।** जिलापंचायत के क्षेत्र क्रमांक 4 से नव निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष विवेक पटेल ने पनागर क्षेत्र में निकाली जन आभार रैली, जिसमे 100 से भी अधिक चार पहिया वाहनों में सैंक ?ों लोग शामिल रहे जो इनके ग्रह स्थान ग्राम बिझुआ से शुरू होकर सिंगलदीप नरेन्द्रपुर, बघो ?ा, बेलखाडू, सुरतलाई, खजरी, बरोदा से पनागर नगर होते हुए लगभग 50 किलोमीटर की दूरी तय कर वापस इनके ग्रहग्राम बिझुआ में सम्पन्न हुई, इस रैली में नवनिर्वाचित जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश पटेल क्षेत्र क्रमांक 16 से नवनिर्वाचित जिला सदस्य प्रदीप पटेल एवं पनागर जनपद सदस्य प्रदीप पटेल के साथ सैंकड़ों लोग शामिल रहे, सभी नव निर्वाचित सदस्यों ने लोगों का आभार प्रगट करते हुए अपने कार्यकाल में क्षेत्र का विकास करने हर समस्यों को हल कराने का आश्वासन दिया, जगह जगह पर पंडाल लगाकर कई स्थानों पर उपस्थित भारी जन समूहों ने सभी का स्वागत सत्कार कर फूल मालाओं, मिठाईयां बांटकर उनका सम्मान किया । बेलखाडू में स्वागत करने के दौरान विनीता यादव अनिरुद्ध पटेल, अनूराग पटेल,प्रदीप पटेल, रवि पटेल, देवेंद्र पटेल पप्पू, राकेश नगाइच,गजराज सिंह,इंदु पटेल, शिव नामदेव,अमन गोस्वामी, लकी पटेल गौरव साहू,विकास सिंह,मिलन चौधरी, नंदू पटेल, सिद्धांत ठाकुर आदि उपस्थित रहे ।